य एशु सुप्तेषु जागर्ति

# राजस्थान पत्रिका

नई दिल्ली, गुरुवार, 13 जून, 2024 | ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष सप्तमी, संवत् 2081

वर्ष : 19 | अंक : 320 | पृष्ठ 12 | ₹5.00

patrika.com /rajasthanpatrika /rpbreakingnews /rajasthan_patrika

दिल्ली राजस्थान, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, कर्नाटक, गुजरात, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल से प्रकाशित






एम्मा राडुकानु ने 713 दिन के बाद घर में पहली जीत दर्ज की
@स्पोर्ट्स&गेमिंग





एक-दूसरे को नाम से पुकारते हैं सवाना हाथी
@इंडिया&वर्ल्ड


कायाकल्प के बाद 1700 साल पुराने भटनेर के किले में आया निखार
@बिजनेस&वेल्थ




## पापा के साथ सुपर सेल्फी

**जिंदगी** की धूप-छांव में बच्चों की अंगुली पकड़कर उन्हें तरक्की की राह दिखाने वाले पिता को फादर्स डे पर दें यादगार पल। ***पापा के साथ गौरवमयी पल की सेल्फी या फोटो हमारे साथ शेयर करें। साथ में पिता को समर्पित मैसेज भी लिखें।*** पापा व अपना नाम लिखकर 16 जून को हमें जरूर भेज दें। चयनित को प्रकाशित किया जाएगा।
shadaab.ahmad@epatrika.com
वाट्सऐप करें -
+91 98292 31348

डब्ल्यूएचओ

## बंगाल में 4 साल के बच्चे को बर्ड फ्लू, 3 माह इलाज

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**नई दिल्ली.** पश्चिम बंगाल में बर्ड फ्लू से मानव संक्रमण का मामला सामने आया है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के मुताबिक पश्चिम बंगाल में चार साल के एक बच्चे को एच9एच2 वायरस से संक्रमित पाया गया। वह सांस की समस्या, तेज बुखार और पेट की ऐंठन से परेशान था। एक अस्पताल में तीन माह के इलाज के बाद उसे छुट्टी दे दी गई है। वह घर और आसपास के इलाकों में पोल्ट्री के संपर्क में था। डब्ल्यूएचओ के मुताबिक भारत में बर्ड फ्लू से मानव संक्रमण का पहला मामला 2019 में सामने आया था, हालांकि स्वास्थ्य मंत्रालय ने इसकी पुष्टि नहीं की थी।

## न्यूज विंडो

### ■ टी20 विश्व कप: टीम इंडिया जीत की हैट्रिक से सुपर-8 में

**न्यूयॉर्क.** भारतीय टीम ने बुधवार को टी-20 विश्व कप में मेजबान अमरीकी टीम को सात विकेट से शिकस्त दी। यह ग्रुप-ए में भारत की लगातार तीसरी जीत है। भारत ने सुपर-8 में जगह पक्की कर ली है। जीत के हीरो मीडियम पेसर अर्शदीप सिंह और बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव रहे। अर्शदीप ने नौ रन देकर चार विकेट चटकाए। वहीं, सूर्यकुमार ने 50 रन की नाबाद पारी खेली। भारतीय टीम ग्रुप में अपना आखिरी मुकाबला अब शनिवार को कनाडा के खिलाफ खेलेगी।

विस्तृत@पेज 11

## झरोखा




परदेस में हादसा | 50 में से ज्यादातर मौतें धुएं में दम घुटने से

# कुवैत की इमारत बनी लाक्षागृह

**49** घायलों में कई की हालत नाजुक

**42** भारतीय जिंदा जलकर मरे

मृतक तमिलनाडु, केरल और उत्तर भारतीय राज्यों के

### पीएम ने की समीक्षा बैठक, विदेश राज्यमंत्री आज जाएंगे कुवैत







**जान बचाने के लिए कूदे...** जान बचाने के लिए बिल्डिंग से कूदते लोग और घायल से मिलते भारत के राजदूत आदर्श स्वाइका। इनसेट में जख्मी को मदद।

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**कुवैत सिटी/ नई दिल्ली.** कुवैत के मंगफ शहर में बुधवार तड़के एक बहुमंजिला इमारत में भीषण आग लगने से 50 लोगों की मौत हो गई। इस खाड़ी देश के मीडिया के मुताबिक मरने वालों में 42 भारतीय शामिल हैं, जिनकी उम्र 20 से 50 साल के बीच थी। करीब 49 लोग झुलस गए, जिन्हें अस्पतालों में भर्ती कराया गया। भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने दिल्ली में बताया कि मृतकों में ज्यादातर भारतीय हैं। कुवैत में भारत के राजदूत ने अस्पतालों का दौरा कर घायलों के बारे में जानकारी ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख रुपए की अनुग्रह राशि देने का ऐलान किया है।

कुवैत के फॉरेंसिक विभाग के महानिदेशक मेजर जनरल ईद अल-ओवैहान के मुताबिक मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका है, क्योंकि कई घायलों की हालत नाजुक है। उन्होंने बताया कि मृतकों में ज्यादातर केरल, तमिलनाडु और उत्तर भारतीय राज्यों के थे।

शेष@पेज 04

### बेहद दुखद घटना

घटना बेहद दुखद है। मेरी संवेदनाएं उन सभी के साथ हैं, जिन्होंने अपने प्रियजनों को खोया। प्रार्थना करता हूं कि घायल जल्द ठीक हो जाएं। कुवैत में भारतीय दूतावास हालात पर नजर बनाए हुए है और प्रभावित लोगों की मदद के लिए वहां के अधिकारियों के साथ काम कर रहा है।

**नरेंद्र मोदी,** पीएम (एक्स पर लिखा)

### हेल्पलाइन नंबर

*कुवैत में भारतीय दूतावास ने प्रभावित परिवारों के लिए आपातकालीन हेल्पलाइन नंबर ( 965-65505246) जारी किया है। दूतावास ने हरसंभव मदद का ऐलान किया है। भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने एक्स पर लिखा, कुवैत में आग हादसे से आहत हूं। हम आगे की जानकारी का इंतजार कर रहे हैं।*

### भवन में मजदूरों को ठूंसकर रखा गया...

**कुवैत** के उप-प्रधानमंत्री शेख फहाद यूसुफ सऊद अल-सबाह ने घटनास्थल का दौरा करने के दौरान इमारत के मालिक को गिरफ्तार करने का आदेश दिया। उनके मुताबिक इमारत में क्षमता से ज्यादा 190 मजदूर रह रहे थे, जो एक ही कंपनी में काम करते थे। शेख फहाद ने कहा, जो हुआ वह कंपनी और इमारत के मालिकों के लालच का नतीजा है। बड़ी संख्या में मजदूरों को आवासीय इमारत में ठूंस दिया गया। इमारत के कमरों में ज्यादा लोग होने के कारण उन्हें बाहर निकलने का मौका नहीं मिला।

### 10 लाख भारतीय, कई महत्त्वपूर्ण पदों पर

**कुवैत** टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक कुवैत की आबादी में 21% (10 लाख) और कार्यबल में 30% (करीब नौ लाख) भारतीय हैं। यहां महत्त्वपूर्ण पदों पर भी कई भारतीय हैं। कुवैत में दो-तिहाई आबादी प्रवासी मजदूरों की है। निर्माण और घरेलू क्षेत्र के लिए यह देश बाहरी मजदूरों पर निर्भर है। मानवाधिकार समूह कई बार कुवैत में प्रवासियों के जीवन स्तर को लेकर सवाल उठा चुके हैं।

नई शुरुआत: प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व भाजपा शासित राज्यों के सीएम रहे मौजूद

# आंध्र प्रदेश में नायडू और ओडिशा में माझी ने ली मुख्यमंत्री पद की शपथ

अब आपके हवाले



**भुवनेश्वर** में ओडिशा के नए मुख्यमंत्री मोहनचरण माझी को शुभकामनाएं देते पूर्व सीएम नवीन पटनायक।

भाइयों के बीच पीएम



**विजयवाड़ा.** आंध्र में मंत्री बने पवन कल्याण और उनके बड़े भाई चिरंजीवी के साथ प्रसन्न मुद्रा में पीएम मोदी।

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**विजयवाड़ा/भुवनेश्वर.** आंध्र प्रदेश में टीडीपी प्रमुख चंद्रबाबू नायडू और ओडिशा में भाजपा के आदिवासी नेता मोहन चरण माझी ने बुधवार को मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। दोनों राज्यों में शपथग्रहण समारोहों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय मंत्री व भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्री शामिल हुए।

शेष@पेज04

### जगन्नाथ मंदिर के आज से खुलेंगे चारों द्वार

**ओडिशा** की माझी सरकार ने पहली बैठक में ही चुनावी वादे के अनुरूप भगवान जगन्नाथ मंदिर से चारों द्वार खोलने का फैसला किया है। गुरुवार से ही यह फैसला लागू होगा और श्रीमंदिर के सभी द्वार मंगला आरती अनुष्ठान के दौरान खुले रहेंगे। इसके लिए सभी मंत्री पुरी रवाना हो गए हैं।

### प्रेमा खांडू आज लेंगे सीएम पद की शपथ

**ईटानगर@पत्रिका.** अरुणाचल प्रदेश में भाजपा नेता पेमा खांडू बुधवार को भाजपा विधायक दल की बैठक में फिर से नेता चुने गए। वह गुरुवार को मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। शपथ ग्रहण समारोह राजभवन के दरबार हॉल में आयोजित किया जाएगा।

घाटी में हिंसा

### कठुआ में मध्यप्रदेश का जवान शहीद, एक और आतंकी ढेर

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**श्रीनगर.** जम्मू कश्मीर के कठुआ, डोडा और रियासी में पिछले तीन दिन में चार आतंकी घटनाओं के बाद सुरक्षा बल अलर्ट मोड पर हैं। बुधवार को कठुआ में सुरक्षा बलों ने मुठभेड़ में एक और आतंकी को मार गिराया। मंगलवार को भी एक आतंकी को ढेर किया था। मुठभेड़ में मध्यप्रदेश के छिंदवाड़ा के सीआरपीएफ जवान कबीर दास शहीद हो गए। सैदा सुखल गांव में बुधवार तडक़े आतंकियों की गोलीबारी में कबीर दास गंभीर रूस से घायल हो गए थे। अस्पताल में इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। जम्मू क्षेत्र के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक आनंद जैन ने बताया कि सीमा पार से घुसपैठ कर आए दो आतंकियों ने गांव में कुछ घरों से पानी मांगा। संदेह होने पर लोगों ने दरवाजे बंद कर शोर मचाया।



कबीर दास

शेष@पेज04

नया सवाल | भाजपा में कौन लेगा जेपी नड्डा की जगह

# संघ बैकग्राउंड वाला 60 साल से कम उम्र का हो सकता है अध्यक्ष

*नवनीत मिश्र@पत्रिका. नई दिल्ली. मोदी सरकार में जेपी नड्डा के स्वास्थ्य मंत्री बन जाने के बाद अब भाजपा का नया राष्ट्रीय अध्यक्ष कौन होगा, यह बड़ा सवाल है। जिस तरह से पार्टी 2014 से नई पीढ़ी को आगे बढ़ा रही है, उससे एक बार फिर 60 साल से कम उम्र के नेता को पार्टी का सर्वोच्च पद मिलने की ज्यादा संभावना है। यह तय है कि जो भी अध्यक्ष होगा, वह संघ बैकग्राउंड का होगा। कुछ समीकरणों के आधार पर कई नामों की चर्चा चल रही है।*



1 देवेंद्र फडणवीस

**भाजपा** में संभावनाओं से भरे नेता माने जाते हैं संघ पृष्ठिभूमि के 53 वर्षीय देवेंद्र फड़णवीस। ***प्रदेश अध्यक्ष और मुख्यमंत्री दोनों रहते हुए संगठन और सरकार चलाने का कौशल है।*** पार्टी इन्हें लोकसभा और विधानसभा चुनाव के दौरान प्रभारी बनाती रही है। महाराष्ट्र में जिस तरह से नए समीकरण उभरे हैं, उससे इन्हें राज्य से हटाकर राष्ट्रीय राजनीति में पार्टी मौका दिया जा सकता है।




2 विनोद तावड़े

**महाराष्ट्र** में जिस तरह से भाजपा के सामने मराठा राजनीति को साधने की चुनौती है, उसमें 62 वर्षीय विनोद तावड़े को अध्यक्ष बनाकर पार्टी संदेश दे सकती है। संघ के छात्र संगठन एबीवीपी से निकले ***तावड़े मुंबई प्रदेश इकाई अध्यक्ष से लेकर महाराष्ट्र सरकार में मंत्री तक रह चुके हैं।*** इस समय बतौर महासचिव दूसरे दलों के नेताओं की भर्ती से लेकर कई बड़े अभियान देख रहे।



3 सुनील बंसल

**राष्ट्रीय** महासचिव और राजस्थान निवासी 54 वर्षीय सुनील बंसल की गिनती भाजपा के परफॉर्मर नेताओं में होती है। संघ पृष्ठिभूमि के ***बंसल के ओडिशा और तेलंगाना का प्रभारी रहते भाजपा ने शानदार प्रदर्शन किया।*** इससे पहले यूपी में संगठन मंत्री रहते हुए 2014, 2017, 2019 और 2022 का चुनाव जिता चुके हैं। बंसल का ट्रैक रेकॉर्ड उन्हें अध्यक्ष पद का दावेदार बनाता है।



4 के. लक्ष्मण

**तेलंगाना** के प्रदेश अध्यक्ष रह चुके लक्ष्मण अभी ओबीसी मोर्चा की कमान संभाल रहे हैं। ***संसदीय और केंद्रीय चुनाव जैसी ताकतवर समितियों में सदस्य होने की वजह से मजबूत व्यक्ति हैं।*** लक्ष्मण को अध्यक्ष बनाने से भाजपा न केवल दक्षिण भारत को बल्कि ओबीसी को भी साध सकती है। तेलंगाना में भाजपा को कांग्रेस से ज्यादा लोकसभा सीटें आई हैं। राज्य के खाते में अध्यक्ष का पद डाला जा सकता है।



5 अनुराग ठाकुर

**केंद्रीय** मंत्रिमंडल से अप्रत्याशित रूप से बाहर होने के बाद अनुराग ठाकुर का नाम भी राष्ट्रीय अध्यक्ष के लिए चर्चा में है। अनुराग की युवाओं में अच्छी लोकप्रियता है। लोकसभा चुनाव में जिस तरह से ***युवाओं की नाराजगी बड़ा मुद्दा बनी, उससे उनके चेहरे को आगे कर पार्टी युवाओं को आकर्षित कर सकती है।*** लेकिन, नड्डा के बाद दूसरा राष्ट्रीय अध्यक्ष भी हिमाचल से होगा, इस पर संशय है।



6 ओम माथुर- 7 नरेंद्र तोमर

**ओम** माथुर और नरेंद्र सिंह तोमर दोनों भाजपा के वरिष्ठ नेता हैं और संगठन कौशल में माहिर माने जाते हैं। ***माथुर यूपी, महाराष्ट्र, गुजरात, छत्तीसगढ़ से लेकर कई राज्यों में पार्टी की सरकारें बनवा चुके हैं।*** हालांकि, राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने की राह में माथुर की 72 साल की उम्र रोड़ा है। केंद्र से राज्य की राजनीति में बतौर स्पीकर भेजे गए तोमर फिर से राष्ट्रीय राजनीति में आएंगे, यह बड़ा सवाल है।

### ये नाम भी चर्चा में

**यों** तो संगठन महामंत्री बीएल संतोष, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सौदान सिंह, सह संगठन मंत्री शिवप्रकाश का भी नाम चर्चा में है। लेकिन ये तीनों प्रचारक संघ के प्रतिनिधि के रूप में भाजपा में प्रतिनियुक्ति पर कार्य कर रहे हैं। संगठन महामंत्रियों को अध्यक्ष बनाने का कोई उदाहरण नहीं है। क्योंकि, रामलाल की तरह संघ आवश्यकता के अनुरूप प्रचारकों को वापस बुला लेता है। भाजपा अगर महिला राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाने का निर्णय लेती है तो फिर तेलंगाना से डी. पुरुंदेश्वरी, हरियाणा से सुधा यादव, तमिलनाडु से वनिथि श्रीनिवाससन, छत्तीसगढ़ की सरोज पांडेय की भी दावेदारी बनती है।

### कौन-सा फॉर्मूला चलेगा

अटकलें जारी

1. चूंकि केंद्र में सरकार की कमान ओबीसी चेहरे के हाथ है तो पार्टी की कमान कोर वोटर माने जाने वाले सामान्य वर्ग को मिलने की ज्यादा संभावना है।
2. राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने से पहले अमित शाह और जेपी नड्डा राष्ट्रीय महासचिव रहकर अनुभव अर्जित कर चुके थे। यह फॉर्मूला चला तो किसी महासचिव को ही मौका मिल सकता है।
3. लोकसभा चुनाव में झटका लगने के बाद यदि पार्टी दलित या ओबीसी समुदाय को साधना चाहेगी तो इस वर्ग से कोई चेहरा हो सकता है।
4. जिस तरह से लोकसभा चुनाव में दक्षिण में पार्टी का प्रदर्शन अच्छा रहा है तो तो पार्टी यहां से किसी चेहरे को राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाकर बड़े संदेश दे सकती है।

तैयारी: अयोध्या में एनएसजी सुरक्षा हब बनाने की तैयारी

# अयोध्या में तैनात किए जाएंगे ब्लैक कैट कमांडो

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**अयोध्या.** अयोध्या में राम मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था और चाक चौबंद करने की तैयारी की जा रही है। केंद्र सरकार अयोध्या को एनएसजी सुरक्षा हब बनाना चाहती है। इसके तहत ब्लैक कैट कमांडो तैनात किए जाएंगे। अभी राम मंदिर की सुरक्षा के लिए पीएसी की आठ कंपनी दी गई हैं। पीएसी कर्मियों को हर दो महीने में बदला जाता है। एटीएस की यूनिट भी अयोध्या में मौजूद रहती है। सूत्रों के मुताबिक अयोध्या में आतंकी खतरे की आशंका के मद्देनजर एनएसजी के ब्लैक कैट कमांडो की तैनाती पर चर्चा चल रही है। कमांडो की संख्या और अन्य जरूरी पहलुओं पर केंद्र सरकार जल्द फैसला कर सकती है।

ट्रेंडिंग न्यूज

दिल्ली

### 10-15 म्यूजियम में बम की धमकी

**नई दिल्ली@ पत्रिका.** दिल्ली में एक साथ 10-15 म्यूजियम में मेल के जरिए बम होने की धमकी मिली। इनमें रेल म्यूजियम शामिल है। पुलिस ने सभी म्यूजियम की जांच की। कहीं कोई संदिग्ध सामग्री नहीं मिली। पुलिस मेल भेजने वाले का पता लगा रही है।



पश्चिम बंगाल

### शुभेंदु के खिलाफ जांच पर रोक बढ़ाई

**कोलकाता@ पत्रिका.** कलकत्ता हाईकोर्ट की जस्टिस अमृता सिन्हा की एकल पीठ ने भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी के खिलाफ जांच पर रोक 28 जून तक बढ़ा दी है। आरोप है कि 2024 के आम चुनाव से पहले पुलिस ने उनके आवास पर छापा मारकर नकदी और हथियार बरामद किए थे।

उत्तर प्रदेश

### झोपड़ी पर पलटा ट्रक, आठ की गई जान

**लखनऊ@ पत्रिका.** उत्तर प्रदेश के हरदोई जिले के मल्लावां कस्बे में मंगलवार देर रात बालू से लदा ट्रक बेकाबू होकर सड़क किनारे झोपड़ी पर पलट गया। हादसे में झोपड़ी में रहने वाले परिवार के चार बच्चों समेत आठ लोगों की मौत हो गई। सभी गहरी नींद में थे।

विस्तृत@पेज 5

पहली बार | ज्यादा गर्मी से रोजगार प्रभावित होने पर मिले 400 से 1600 रुपए

# देश में 50,000 महिलाओं को तापमान बीमा का भुगतान

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**नई दिल्ली.** अत्यधिक गर्मी पर भारत में पहली बार करीब 50 हजार महिलाओं को तापमान बीमा का भुगतान किया गया है। सभी महिलाएं स्वरोजगार से जुड़ी हैं। योजना के तहत उन महिलाओं को भुगतान किया जाता है, जिनका कामकाज गर्मी के कारण प्रभावित हुआ हो। कई शहरों में 18 से 25 मई के बीच तापमान 40 डिग्री पार चला गया था। इसी की एवज में राजस्थान, गुजरात व महाराष्ट्र की महिलाओं को 400 रुपए का भुगतान किया गया।

राजस्थान, गुजरात और महाराष्ट्र में सौंपी गई राशि



योजना अंतरराष्ट्रीय संस्था क्लाइमेट रेजिलिएंस फॉर ऑल (सीआरए) ने भारत में महिलाओं के लिए काम करने वाली संस्था सेल्फ-इंप्लॉयड विमेन्स एसोसिएशन (सेवा) के साथ मिलकर शुरू की है। सीआरए की सीईओ कैथी बॉगमन ने बताया कि पहली बार सीधे भुगतान को बीमा योजना के साथ जोड़ा गया है।

शेष@पेज04

### मौसमी आपदाओं में कमजोरों की मदद

**तापमान** बीमा योजना के तहत कुल तीन करोड़ रुपए का भुगतान किया गया। यह योजना स्विट्जरलैंड की कंपनी स्विस री और भारत के आइसीआइसीआइ लोंबार्ड के सहयोग से चलाई जा रही है। नीति विशेषज्ञ बीमा योजनाओं को मौसमी आपदाओं से प्रभावित होने वाले कमजोर तबकों की आर्थिक मदद का जरूरी जरिया मानते हैं। ऐसी योजनाएं कई देशों में शुरू की जा चुकी हैं।

### इंश्योरेंस एंड रिस्क फाइनेंस फैसिलिटी

**संयुक्त** राष्ट्र की संस्था यूएनडीपी ने इंश्योरेंस एंड रिस्क फाइनेंस फैसिलिटी नाम से संगठन स्थापित किया है। यह 33 देशों में इश्योरेंस क्षेत्र की बड़ी कंपनियों और सरकारों के साथ मिलकर काम करता है। संगठन का मकसद जलवायु परिवर्तन से जुड़ी आपदाओं के वक्त कजोर तबकों को वित्तीय आधार उपलब्ध कराना है।

एनसीईटी-2024: सर्वर व तकनीकी खराबी के कारण पेपर ही नहीं खुला

# एनटीए की चार वर्षीय यूजी बीएड प्रोग्राम की प्रवेश परीक्षा रद्द, नई तिथि की घोषणा जल्द

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**जोधपुर.** राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) की ओर से इस साल पहली बार चार वर्षीय इंटीग्रेटेड टीचर एजुकेशन प्रोग्राम (आइटीईपी) में प्रवेश के लिए बुधवार को अखिल भारतीय स्तर पर आयोजित नेशनल कॉमन एंट्रेंस टेस्ट (एनसीईटी-2024) अव्यवस्थाओं के चलते रद्द करना पड़ा। परीक्षा दोपहर 2 से शाम 5 बजे तक ऑनलाइन थी, लेकिन जोधपुर सहित अधिकांश शहरों के परीक्षा केंद्रों पर एनटीए के सर्वर में तकनीकी खामी की वजह से परीक्षा शुरू नहीं हो सकी। गणित का पर्चा तो शाम 5 बजे तक ओपन नहीं हुआ। बायोलॉजी, कॉमर्स और आर्ट्स विषय के प्रश्न पत्र आधे घंटे के लिए खुले।

शेष@पेज04

### बीए बीएड व बीएससी बीएड की जगह आइटीईपी

**नई** शिक्षा नीति के तहत एनसीटीई ने इस साल से देश में चार वर्षीय बीए बीएड और बीएससी बीएड पाठ्यक्रम के स्थान पर आइटीईपी लागू किया है, जो कॉमर्स, आर्ट्स, साइंस तीनों विषयों में होगा। आइटीईपी पाठ्यक्रम केंद्रीय, राज्य व निजी विवि के अलावा आइआइटीज में भी शुरू किया जा रहा है।

### एनसीईटी-2024

**40,233** परीक्षार्थियों ने देशभर में किया रजिस्ट्रेशन

**29** हजार से अधिक परीक्षार्थी परीक्षा में बैठे

**160** शहरों के 292 परीक्षा केंद्रों पर हुई एनसीईटी

**66** विषयों में होनी थी यह परीक्षा

8 राज्य, 38 संस्करण | अजमेर ▪ अलवर ▪ अहमदाबाद ▪ इंदौर ▪ उज्जैन ▪ उदयपुर ▪ कोटा ▪ कोलकाता ▪ खंडवा ▪ ग्वालियर ▪ चेन्नई ▪ छिंदवाड़ा ▪ जगदलपुर ▪ जबलपुर ▪ जयपुर ▪ जोधपुर ▪ झुंझुनूं ▪ दिल्ली ▪ नागौर ▪ नर्मदापुरम ▪ पाली ▪ बाड़मेर ▪ बांसवाड़ा ▪ बिलासपुर ▪ बीकानेर ▪ बेंगलूरु ▪ भरतपुर ▪ भिलाई ▪ भीलवाड़ा ▪ भोपाल ▪ रतलाम ▪ रायपुर ▪ सतना ▪ सागर ▪ सीकर ▪ सूरत ▪ शहडोल ▪ श्रीगंगानगर

पोलमपोल भायो

आतंकी कश्मीर में, घात लगावै ताक।
मिनखमार कायर करे, करतूतां नापाक!!

**जज्बा : नियमित मेहनत व कुछ अलग करने के दृढ़ संकल्प के जरिए खिलाड़ी पानी में जीत रहे पदक**

# जहां नदी-तालाब नहीं, वहां के बेटे-बेटियां बड़े तैराक, अब ओलंपिक की तैयारी

राजेश शर्मा
patrika.com

**झुंझुनूं.** जहां इनका जन्म हुआ वहां न कोई बड़ी नदी है न ही कोई बड़ा बांध। चारों तरफ हैं तो रेत के धोरे। लेकिन जज्बे, नियमित मेहनत व कुछ अलग करने के दृढ़ संकल्प के चलते यह खिलाड़ी पानी में पदक जीत रहे हैं। वहीं एक संयोग यह भी है कि पदक जीतने वाले अधिकतर खिलाड़ियों को सेना में जाकर विशेष ट्रेनिंग मिली।

सभी गांवों के रहने वाले हैं। नौकायन में पदक जीतने के बाद अब ये खिलाड़ी कोई सरकारी सेवा में है तो कोई खुद तैयारी कर रहे हैं। साथ ही अन्य युवा खिलाड़ियों को भी खेलों के लिए प्रेरित कर रहे हैं।

### बजरंग लाल ताखर



**सीकर** जिले के दांतारामगढ़ उपखंड के गांव मगनपुरा के रहने वाले बजरंग लाल ताखर ने वर्ष 2010 के एशियन गेम्स में सिंगल स्पर्धा में पदक जीता। ताखर ने वर्ष 2006 में दोहा में आयोजित एशियाई खेलों में रजत पदक जीता था। वर्ष 2008 में अर्जुन पुरस्कार और 2013 में पद्म श्री का सम्मान मिल चुका। वे सेना में अधिकारी रह चुके। वे नए खिलाड़ी तैयार कर रहे हैं।

### संदीप रेपस्वाल

**झुंझुनूं** जिले के गुढ़ागौड़जी के निकट रेस्पवालों की ढाणी के रहने वाले संदीप रेपस्वाल ने नवंबर 2009 में चीन में आयोजित एशियन चैम्पियनशिप में रजत पदक जीता।



इसके बाद 2011 में कोरिया में हुई एशियन चैम्पियनशिप में नौकायन में एक साथ दो रजत पदक जीते। इसके अलावा झारखंड में हुए नेशनल गेम्स में भी दो पदक जीते। उनको महाराणा प्रताप पुरस्कार मिल चुका। अभी सेना की तरफ से वे जबलपुर में नौकायन के नए खिलाड़ी तैयार कर रहे हैं।

### ओमप्रकाश कृष्णिया



**झुंझुनूं** के निकट बुडाना गांव के रहने वाले ओमप्रकाश कृष्णिया ने जकार्ता में आयोजित एशियन गेम्स 2018 में टीम गेम में नौकायन में स्वर्ण पदक जीता। ओमप्रकाश व उनकी टीम ने यह पदक अपने नाम किया था। ओमप्रकाश ने सेना में जाने के बाद नौकायन की ट्रेनिंग ली। वे पुलिस उपाधीक्षक पद पर नियुक्त हैं। वर्तमान में पेरिस ओलम्पिक की तैयारी के लिए पुणे में ट्रेनिंग कर रहे हैं।

### अनिता चौधरी

**झुंझुनूं** जिले के निवाई गांव निवासी पूर्व सैनिक सूबेदार धन्नाराम खींचड़ की बेटी अनिता चौधरी एशियन पैरा गेम्स में पदक जीत चुकी और



अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कई पदक उनके नाम हैं। अब उनका चयन पेरिस में होने वाले पैरालम्पिक खेलों के लिए हो गया है। अनिता ने हाल ही दक्षिण कोरिया में हुई पैरा रोइंग प्रतियोगिता के फाइनल में प्रथम स्थान प्राप्त किया था। अनिता चीन के हांगझोऊ में 23 से 28 अक्टूबर 2023 तक आयोजित पैरा गेम्स में रजत पदक जीत चुकीं हैं।

### यह है तैयारी

**ओमप्रकाश** खुद पेरिस ओलम्पिक की तैयारी कर रहे हैं। अनिता का पेरिस में पैरालम्पिक में चयन हो चुका, जबकि कोच बजरंग लाल ताखर व संदीप रेप्सवाल ओलम्पिक व एशियन गेम्स के लिए खिलाड़ियों को कोचिंग दे रहे हैं।

### यह भी जीत रहे

**पचेरी** के पास रामसर गांव का रहने वाला हिमांशु यादव, पिलानी के पास लीखवा गांव निवासी जगजीत धाड़ीवाल भी अब नौकायन में पदक जीत रहे हैं। जगजीत का चयन जूनियर एशियन चैम्पियनशिप की ट्रायल के लिए हुआ है।

---

### ट्रेंडिंग वीडियो पत्रिका TV

1. 


भाजपा का अगला निशाना कौन, अशोक गहलोत ने दिए संकेत

2. 


लो आ गया मानसून, अब यहां होगी जमकर बारिश

youtube.com/@RajasthanPatrikaTV

राज्य के वायरल वीडियो, शॉर्ट्स क्यूआर कोड स्कैन कर देखें।

### न्यूज शॉर्ट्स

#### कोटा : एसआई के पुत्र ने की आत्महत्या

**बूंदी (कोटा) @ पत्रिका.** दयानंद कॉलोनी निवासी एसआइ सत्यनारायण मीणा के पुत्र हिमांशु ने बुधवार को आत्महत्या कर ली। पुलिस के अनुसार हिमांशु रात को कमरे में चला गया। मां ने सुबह आवाज लगाई। जब उसने जवाब नहीं दिया तो मा ने खिड़की से देखा तो हिमांशु फंदे पर झूल रहा था।

#### अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र 16 को होंगे अपलोड

**अजमेर @ पत्रिका.** राजस्थान लोक सेवा आयोग के तत्वावधान में संग्रहाध्यक्ष, खोज व उत्खनन अधिकारी प्रतियोगी परीक्षा-2023 का आयोजन 19 जून का सुबह 10 से 12.30 बजे एवं दोपहर 3 से 5.30 बजे तक अजमेर जिला मुख्यालय पर किया जाएगा। परीक्षा में ओएमआर शीट में पांचवें विकल्प को भरने के लिए 10 मिनट का अतिरिक्त समय दिया जाएगा। आयोग के सचिव रामनिवास मेहता ने बताया कि परीक्षा के प्रवेश-पत्र आयोग की वेबसाइट एवं एसएसओ पोर्टल पर 16 जून को अपलोड किए जाएंगे। अभ्यर्थियों को परीक्षा शुरू होने के 60 मिनट पूर्व तक ही प्रवेश दिया जाएगा।

#### एनएच 52: कोटा-झालावाड़ मार्ग आज दो घंटे बंद रहेगा

**कोटा @ पत्रिका.** राष्ट्रीय राजमार्ग 52 स्थित मुकुंदरा टाइगर रिजर्व क्षेत्र में दरा की नाल में गुरुवार को रेलवे पुल के नीचे सड़क की मरम्मत की जाएगी। इस कारण दोपहर 12 से 2 बजे तक राष्ट्रीय राजमार्ग 52 पर कोटा-झालावाड़ मार्ग बंद रहेगा। इस दौरान कोटा से आने वाले वाहनों को धुलेट झालावाड़ अथवा अमझार चेचट होते हुए निकलना होगा। भारी वाहनों को खानपुर होते झालावाड़ और कोटा जाना होगा। हल्के वाहन वैकल्पिक मार्ग से निकल सकते हैं। विभाग के कर्मचारी इस मार्ग को सही करेंगे।

---

**जहां नामांकन कम और नजदीक कॉलेज, बंद करने की तैयारी**

# अब उच्च शिक्षा का नंबर...303 कॉलेजों का रिव्यू करेगी सरकार

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**जयपुर.** स्कूल शिक्षा के बाद अब भाजपा सरकार उच्च शिक्षा में लिए गए गत सरकार के फैसलों का रिव्यू करने जा रही है। कांग्रेस सरकार में पिछले दो साल में सोसायटी के अधीन खोले गए 303 राजकीय कॉलेजों की समीक्षा के लिए सरकार ने हाई पॉवर कमेटी का गठन किया है। कमेटी छात्रों की नामांकन संख्या, उस क्षेत्र में कॉलेजों की प्रभावशीलता, नए कॉलेज खोलने के संबंध में राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के तहत मापदंडों की जांच और समीक्षा करेगी। इसकी रिपोर्ट 30 दिन में उच्च शिक्षा विभाग को सौंपी जाएगी। माना जा रहा है कि गत सरकार ने एक साथ बड़ी संख्या में कॉलेज खोले थे, ऐसे में कम दूरी में भी एक से अधिक स्कूल खुले हैं। कम नामांकन वाले कॉलेजों को सरकार बंद करने का निर्णय ले सकती है। गौरतलब है कि पिछले दो साल में सभी कॉलेज खोले गए थे। गौरतलब है कि अंग्रेजी माध्यम स्कूलों का भी रिव्यू कर रही है।




> गत सरकार में शुरू हुए कॉलेजों की समीक्षा के लिए कमेटी बनाई गई है। एक महीने में रिपोर्ट सौंपेंगे। विभिन्न पहलुओं पर जांच और समीक्षा की जाएगी।
>
> **प्रो. कैलाश चन्द सोडानी,** कुलपति वर्द्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय और कमेटी संयोजक

#### कॉलेजों में मूलभूत सुविधाएं नहीं

सभी कॉलेज राजस्थान कॉलेज एजुकेशन सोसायटी के अधीन खोले गए थे। लेकिन क्या सोसायटी इन कॉलेजों का संचालन कर पाएंगी या नहीं। इसकी भी समीक्षा की जाएगी। कारण है कि ये सामान्य शिक्षा के कॉलेज हैं। इन कॉलेजों में फीस भी सामान्य है। ऐसे में फीस के आधार पर कॉलेजों का संचालन नहीं हो सकता। दरअसल, कॉलेज तो खोल दिए गए, लेकिन इन में मूलभूत सुविधांए नहीं है। इन कॉलेजों में फर्नीचर का अभाव है तो शिक्षक नहीं है। कॉलेजों में विद्या संबल के तहत अस्थाई शिक्षकों से पढ़ाई कराई जा रही है।

#### यह बनाई कमेटी

- प्रो. कैलाश चन्द सोडानी, कुलपति वर्द्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय, कोटा- संयोजक
- हर्ष सावन सुखा, संयुक्त शासन सचिव, उच्च शिक्षा विभाग-सदस्य सचिव
- पुखराज सेन, आयुक्त कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर-सदस्य
- प्रो. बी. एल. चौधरी (शिक्षाविद), पूर्व अध्यक्ष माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, अजमेर-सदस्य
- प्रो. अखिल रंजन गर्ग (शिक्षाविद), विद्युत अभियांत्रिकी विभाग, एम.बी.एम. विश्वविद्यालय,जोधपुर-सदस्य
- लखपत मीणा, वित्तीय सलाहकार, आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, जयपुर-सदस्य
- प्रो. शोभाराम शर्मा, संयुक्त निदेशक (विधि) आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा,जयपुर-सदस्य
- प्रो. मुकेश कुमार शर्मा, आचार्य, प्राणीशास्त्र, उच्च शिक्षा (ग्रुप-4) विभाग, सचिवालय, जयपुर-सदस्य

---

## खदान के मलबे में दबे तीन डंपर व एक एलएनटी मशीन



**पचलंगी (झुंझुनूं) @ पत्रिका.** नेवरी गांव में आवंटित चेजा पत्थर की लीज में बुधवार को स्लाइडिंग हो गई। इससे एक एलएनटी मशीन व तीन डंपर मलबे में दब गए। कोई जनहानि नहीं हुई।

झुंझुनूं जिला खनिज अधिकारी रामलाल बिजारणियां ने बताया कि लीज पर खनन का कार्य चल रहा था। इस दौरान बाहर निकल रहा पत्थरों से भरा एक डंपर रास्ते में ही खराब हो गया। इस पर एलएनटी मशीन चालक व वहां अन्य डंपरों के चालक उसे ठीक करने गए। पीछे से पत्थर स्लाइडिंग हुई। पत्थर वहां खड़ी एलएनटी मशीन व डंपरों पर गिरे। इससे जो लोग डंपर को ठीक करने गए थे, उन सबकी जान बच गई। उपखंड अधिकारी मोनिका सामोर ने बताया कि सूचना पर मौका देखा। लोगों की शिकायत पर जिला खनिज अधिकारी को जांच के लिए कहा गया है।

---

**पत्नी और साले के खिलाफ मामला दर्ज**

## स्टेटस लगाकर कांस्टेबल ने थाने में खुद को मारी गोली



कांस्टेबल ने आत्महत्या से पहले वॉट्सऐप पर लगाया स्टेटस।

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**पाली.** पारिवारिक से विवाद के चलते औद्योगिक थाने के एक कांस्टेबल ने नाइट ड्यूटी के दौरान थाने में खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने बताया कि पाली के नापावास निवासी भरत चौधरी (27) की रात में थाने में ड्यूटी थी। देर रात उसने खुद की राइफल से गले पर गोली चला दी। गोली सिर से निकल कर कमरे की छत में जा लगी। घटना के बाद पुलिस अधिकारी भी पहुंचे। शव को बांगड़ अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। भरत की पत्नी पिंकू भी कांस्टेबल है, जो अभी पाली के महिला थाने में तैनात है। भरत के बड़े भाई सुखदेव ने औद्योगिक थाने में भरत की पत्नी पिंकू चौधरी और उसके साले मनु चौधरी के खिलाफ मामला दर्ज करवाया।

#### स्टेटस में ये लिखा

आत्महत्या से पहले भरत ने सोशल मीडिया पर अपनी फोटो के साथ स्टेटस लगाया था। इसमें लिखा कि आज हम हैं, कल हमारी यादें रहेगी, जब हम ना होंगे तब हमारी बातें होंगी..।

---

## दमखम...टीम की जीत के लिए गिरी...नहीं टूटा हौसला



**सीकर.** पुलिस लाइन में बुधवार को राजस्थान पुलिस स्थापना दिवस के मौके पर आयोजित कार्यक्रमों में टीम भावना की अनूठी और जोशीभरी मिसाल देखने को मिली। यहां रस्साकशी प्रतियोगिता के दौरान एक महिला पुलिसकर्मी अपनी टीम की जीत के लिए पूरे जुनून से मैदान में डटी रही, लेकिन हौसला कम नहीं हुआ। इस दौरान कार्यक्रम में मौजूद पुलिस अधिकारियों व साथियों ने महिला जवान का जमकर हौसला बढ़ाया।
फोटो: *जीएल सैनी*

---

## दौसा : दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे पर आग का गोला बनी बस



पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**भांडारेज (दौसा).** दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे के टोल बूथ के समीप मंगलवार देर रात राजस्थान रोडवेज की सुपर डीलक्स बस में आग लग गई। बस आग के गोले की तरह नजर आई और कुछ ही देर में पूरी तरह जल गई। पुलिस ने बताया कि दिल्ली से रवाना होकर बस एक्सप्रेस हाईवे से होते हुए जयपुर जा रही थी। धनावड़ रेस्ट एरिया के पास बस में खराबी आ गई। जयपुर से मैकेनिक को बुलाया गया, लेकिन बस के ठीक नहीं होने पर दूसरी बस से सवारियों को गंतव्य स्थान पर भेजा गया। क्रेन के माध्यम से बस को जयपुर ले जाया जा रहा था। इस दौरान रात्रि करीब 2:45 बजे भांडारेज इंटरचेंज टोल बूथ से महज 50 मीटर की दूरी पर शॉर्ट सर्किट के चलते बस में आग लग गई। ऐसे में चालक और मैकेनिक ने बस में से कूद कर अपनी जान बचाई।

---

## दो चिकित्सक निलंबित

## आरएमसी : धनखड़ सहित 8 चिकित्सकों के पंजीयन निरस्त

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**जयपुर .** राजस्थान मेडिकल काउंसिल(आरएमसी) ने अलग-अलग मामलों में शामिल राज्य के आठ चिकित्सकों के पंजीयन निरस्त कर दिए हैं। इनमें झुंझुनूं के धनखड़ अस्पताल के डॉ.संजय धनखड़ भी शामिल हैं। उनका हाल ही महिला की गलत किडनी निकालने के मामले में नाम सामने आया था। काउंसिल की बुधवार को आयोजित जनरल बॉडी मीटिंग में यह निर्णय लिए गए गए। काउंसिल के अध्यक्ष और निदेशक जनस्वास्थ्य डॉ.रविप्रकाश माथुर ने बताया कि बैठक में पैनल एंड एथिकल कमेटी के समक्ष 25 प्रकरण प्रस्तुत किए गए।

नेशनल मेडिकल कमीशन के दिशा-निर्देश अनुसार 8 चिकित्सकों का पंजीयन निरस्त किया गया और दो चिकित्सकों का पंजीयन 6 माह के लिए निलंबित किया गया है। पंजीयन निरस्त वाले चिकित्सकों में डॉ.संजय धनखड़, डॉ. गणपत सिंह, डॉ. मो. साजिद, डॉ. मो. अफजल, डॉ. कृष्णा सोनी, डॉ. बोम्मा रेड्डी हरि कृष्णा, डॉ.जयदीप सिंह और डॉ बलजीत कौर शामिल हैं। डॉ. अजय अग्रवाल और डॉ. सुमन अग्रवाल का पंजीयन 6 माह के लिए निलंबित किया गया है।

डॉ. माथुर ने बताया कि काउंसिल के सभी रिकॉर्ड को ऑनलाइन करने एवं चिकित्सकों के क्रेडिट अवॉर्ड को बढ़ाने के लिए ऑनलाइन सीएमई सिस्टम लागू करने एवं परिषद में पंजीकृत चिकित्सकों का क्यूआर कोड वाले स्मार्ट कार्ड बनाने का निर्णय लिया गया।

साथ ही पीसीटीएस सॉफ्टवेयर और यू विन पोर्टल पर निजी चिकित्सालय का रिपोर्टिंग करने के भी निर्देश दिए गए हैं। रजिस्ट्रार डॉ. राजेश शर्मा ने बताया कि 31 जुलाई, 2024 तक पंजीयन का नवीनीकरण नहीं करवाने वाले चिकित्सकों का पंजीयन निरस्त कर दिया जाएगा।

---

**महिला थानेदार के नाम से राष्ट्रपति को भेजा पत्र**

## जोधपुर : एसएचओ लगाने के बदले आरपीएस पर शोषण के आरोप, जांच में झूठे निकले

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**जोधपुर.** जोधपुर रेंज की एक महिला थानेदार के नाम से राष्ट्रपति को भेजे गोपनीय पत्र में पुलिस अधिकारी व राजनेता पर गंभीर आरोप लगाए गए हैं। पत्र में बजरी माफिया से साठ-गांठ और लाखों रुपए की मासिक बंधी मिलने का भी जिक्र किया गया है। जांच के लिए पत्र प्रधानमंत्री कार्यालय से राज्य के मुख्य सचिव को भेजा गया, जहां से आइजी कार्यालय पहुंचा। पुलिस ने बिना एफआइआर दर्ज किए जांच की। इसमें शिकायत को झूठा माना गया। वहीं, महिला थानेदार ने ऐसे किसी पत्र लिखने से अनभिज्ञता जता दी। कुछ दिन पहले एक महिला थानेदार के नाम से राष्ट्रपति को चार पेज का परिवाद भेजा गया था। इसमें एक आरपीएस पर जिले के एक थाने एसएचओ लगाने का झांसा देकर देहशोषण के आरोप लगाए गए। आरोप हैं कि आरपीएस अधिकारी ने दो अधिकारियों के नाम पर लाखों रुपए भी ऐंठे।

आरोप हैं कि एसएचओ लगने पर एक राजनेता के पुत्र के लिए बजरी खनन व परिवहन में रात 1 से सुबह 4 बजे तक छूट देने और बदले में पांच लाख रुपए मासिक बंधी व प्रत्येक गाड़ी के लिए 10 हजार रुपए मिलेंगे। इस बंधी में से दो लाख रुपए जिले के पूर्व अधिकारी व रेंज के एक अफसर को देने की बात कही गई थी।

> पत्र में लगाए आरोपों की गोपनीय जांच करवाई गई थी। आरोप झूठे हैं। यह किसी व्यक्ति की शरारत थी।
>
> **विकास कुमार,** पुलिस महानिरीक्षक, रेंज जोधपुर

---

**मरम्मत** | **सीमेंट की जगह गुड़, मेथी, उड़द व चूने का किया इस्तेमाल**

# कायाकल्प के बाद 1700 साल पुराने भटनेर के किले में आया निखार

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**हनुमानगढ़.** कायाकल्प के बाद भटनेर दुर्ग में निखार आने लगा है। पुरातत्व विभाग 1700 वर्ष पुराने भटनेर किले की मरम्मत करवा रहा है। खास बात यह है कि इस मरम्मत कार्य में सीमेंट की जगह गुड़, मेथी, कत्था, उड़द व चूने का इस्तेमाल किया जा रहा है।

पुरातत्व विभाग के अनुसार पुरानी पद्धति का इस्तेमाल इसलिए किया जा रहा है, क्योंकि इसकी स्ट्रेंथ सीमेंट की मजबूती से अधिक होती है और काफी वर्षों तक चलती है। सीमेंट से किए गए मरम्मत कार्य 15 से 20 साल तक ही कारगर होते हैं।



भटनेर दुर्ग

जिला मुख्यालय स्थित इस दुर्ग को निखारने का कार्य डेढ़ वर्ष से जारी है। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण की ओर से इस किले का जीर्णोद्धार करने के लिए गुड़, मेथी, कत्था, बेलगिरी, उड़द, चूने और सुरखी से बने घोल से एक-एक ईंट जोड़ कर किले के जर्जर हिस्से की मरम्मत की गई। सुरखी दिल्ली एवं हरियाणा से मंगवाई जा रही है।

#### पुराने लुक में दिखे

**इस** किले को पुराना लुक मिले, उसी के तहत पुरातात्विक विभाग रिपेयर का काम करवा रहा है। मुख्य द्वार के आसपास 36 लाख रुपए की लागत से सुधार कार्य किया गया।

#### जल्द खुलेंगे आमजन के लिए द्वार

**उम्मीद** जताई जा रही है कि इस वर्ष के अंत में मरम्मत कार्य पूरा हो सकेगा। 1700 साल पुराना यह किला मरम्मत के बाद फिर से निखरने लगेगा।

#### फैक्ट फाइल

- 1700 साल पुराना भटनेर किला- इसमें भगवान शिव व हनुमान मंदिर
- किले में 52 बुर्ज हैं।
- भटनेर 52 बीघा में बना हुआ है।
- वर्तमान में सैलानियों के लिए मुख्य द्वार बंद है।

#### हादसे के बाद से था बंद

17 अक्टूबर 2022 को किले में चल रहे निर्माण कार्य के दौरान एक दीवार ढह गई थी। हादसे में मलबे में दबने से एक मजदूर राजेन्द्र दास की मौत हुई और पांच अन्य घायल हो गए थे। इस दिन के बाद से भी यह किला आम लोगों के लिए बंद कर दिया गया था।

#### किया जा रहा मरम्मत कार्य

> भटनेर दुर्ग को वही रूप मिले, इसके लिए विभाग की गाइडलाइन के अनुसार मरम्मत कार्य करवाया जा रहा है। वर्तमान में मुख्य द्वार के पास मरम्मत कार्य किया जा चुका है। अगले चरण में होने वाले कार्यों के लिए प्रोपोजल तैयार कर मुख्यालय को भिजवाया जाएगा।
>
> **विपुल कुमार,** संरक्षण सहायक, पुरातत्व विभाग।

**मौसम :** 17 जून तक पूरे प्रदेश में सक्रिय होने की संभावना, अंधड़-गरज-चमक के साथ बारिश का बढ़ेगा सिलसिला

# छत्तीसगढ़ में मानसून की एंट्री, दो दिन में रायपुर पहुंचने के आसार



राजनांदगांव

## हैवी होर्डिंग्स धराशायी, बड़ा हादसा टला

**पत्रिका ब्यूरो @ रायपुर.** छत्तीसगढ़ में मानसून की एंट्री हो चुकी है। मानूसनी हवाएं बीजापुर तक पहुंच चुकी हैं। 17 जून तक मानसून के पूरे प्रदेश में सक्रिय होने के आसार हैं इसके बाद अंधड़ और गरज-चमक के साथ वज्रपात व वर्षा में वृद्धि होने का सिलसिला जारी रहेगा। मौसम विभाग के मुताबिक बीजापुर 45.0, उसूर 43.0 और ओरछा 35.0 मिमी बारिश हुई। जिसके बाद मौसम विभाग ने मानसून आने की घोषणा जारी की है। मौसम विशेषज्ञ एचपी चंद्रा ने बताया कि प्रदेश में मानसून को रोकने वाला मराठवाड़ा में बना चक्रवाती समाप्त हो गया है जिससे मानसून तेजी से आगे बढ़ा रहा है।

**यहां के लिए यलो अलर्ट :** रायपुर,बालोद, बस्तर, बीजापुर, दंतेवाड़ा, धमतरी, दुर्ग, गरियाबंद, कांकेर, कोंडागांव, महासमुंद, मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी, नारायणपुर, राजनांदगांव में अलग-अलग स्थानों पर 30-40 किमी प्रति घंटे की सतही हवा के साथ मध्यम गरज और बिजली गिरने की संभावना है।

**यहां सबसे ज्यादा बारिश**

| | |
|---|---|
| पखांजूर-19.9 | उसूर- 43.0 |
| भोपालपट्टनम-19.3 | ओरछा- 35.0 |
| बीजापुर- 45.0 | नारायणपुर - 24.8 |

बारिश मिलीमीटर में

**पारा मीटर**

| जिला | अधि. | न्यू. |
|---|---|---|
| रायपुर | 41.5 | 28.0 |
| बिलासपुर | 43.0 | 29.8 |
| पेण्ड्रारोड | 40.2 | 26.5 |
| अंबिकापुर | 41.7 | 27.4 |
| जगदलपुर | 29.4 | 23.2 |
| दुर्ग | 39.2 | 28.2 |
| राजनांदगांव | 40.5 | 29.5 |

तापमान डिग्री सेल्सियस में

### रायपुर में आज रहेगा बादलों का डेरा

**मौसम** विभाग के मुताबिक जैसी परिस्थितियां दिखाई दे रही है उसके मुताबिक अगले 40 घंटे के भीतर मानसून मध्य छत्तीसगढ़ को अपनी आगोश में ले सकता है। रायपुर में भी 13 जून को भी बादल छाए रहेंगे। गरज चमक के साथ अंधड़ चलने व वर्षा होने की संभावना है। अधिकतम और न्यूनतम तापमान क्रमश: 41 डिग्री और 27 डिग्री के आसपास रहने की संभावना है।

**राजनांदगांव.** तेज अंधड़ के बीच दुर्ग शहरी क्षेत्र में बारिश हुई। इस कदर तेज हवा चली कि हाईवे पर महमरा जाने वाले मोड़ के पास शिवनाथ पुल से कुछ ही दूरी पर हैवी होर्डिंग्स धराशायी हो गया। हाईवे पर एक बड़ा हादसा भी टल गया। होर्डिंग्स के गिरने के दौरान हाईवे पर आवाजाही नहीं हो रही थी। लोगों का आना-जाना होता तो गंभीर हादसा हो सकता था। इस हादसे ने होर्डिंग्स लगाने वाली कंपनी की लापरवाही की भी पोल खोल दी है। सड़क के बीचों-बीच डिवाइडर पर लापरवाही पूर्वक होर्डिंग्स लगाया गया था। इसलिए तेज अंधड़ में यह टिक नहीं पाया।

**शिकायत**

### सूरजपुर की तत्कालीन कलेक्टर इफ्फत आरा पर जांच के आदेश

**पत्रिका ब्यूरो @ अंबिकापुर .** सरगुजा के तत्कालीन कलेक्टर आईएएस संजीव झा के बाद अब सूरजपुर की तत्कालीन कलेक्टर इफ्फत आरा भी पुनर्वास की भूमि का गलत ढंग से बिक्री हेतु अनुमति देने के मामले में शासन ने जांच के आदेश दिए हैं। पीएमओ में हुई शिकायत के बाद भारत सरकार के कार्मिक लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय के अवर सचिव ने छत्तीसगढ़ शासन के मुख्य सचिव को पत्र भेजकर इफ्फत आरा के खिलाफ जांच की बात की थी। आरटीआई कार्यकर्ता एवं अधिवक्ता डीके सोनी द्वारा सूरजपुर की तत्कालीन कलेक्टर इफ्फत आरा के खिलाफ 29 मार्च 2024 को पीएमओ में दस्तावेजों सहित शिकायत की गई थी। इसमें उल्लेख किया गया था कि पक्षकार लक्ष्मी देवी प्रति बनिया देवीनाथ कुल 5 डिसमिल पुनर्वास की भूमि को भू बिचौलियों से सांठगांठ करते हुए तत्कालीन कलेक्टर इफ्फत आरा द्वारा बेचने की अनुमति दे दी गई। इसके एवज में लाखों रुपए प्रति डिसमिल की दर से राशि ली गई और पुनर्वास की भूमि के बिक्री की अनुमति दी गई। इसके अलावा राजस्व प्रकरण लक्ष्मी देवी प्रति कृष्णा सरकार व अन्य, पुष्पा प्रति अभिजीत सिंह व अन्य सहित अन्य कई प्रकरणों में तत्कालीन कलेक्टर द्वारा भू बिचौलियों से सांठगांठ कर पुनर्वास भूमि की बिक्री करने की अनुमति दे दी गई। तत्कालीन कलेक्टर द्वारा कुल 31 प्रकरणों में बिना किसी दस्तावेजों की जांच के ही अनुमति दे दी गई है।

**कोंडागांव**

### बाजार से 4 लाख की चांदी के जेवरात से भरी पेटी पार

**पत्रिका ब्यूरो @ कोंडागांव.** जिले के बयानार में मंगलवार को साप्ताहिक हाट बाजार लगा हुआ था। यहां सोने-चांदी की दुकान लगाने वाले व्यापारी राकेश जैन बाजार खत्म होने के बाद सोने-चांदी के जेवरात की पेटी को समेटकर दुकान में ही रखकर एक अन्य पेटी को गाड़ी में रखने चले गए। जब वे लौटकर आए तो दुकान में रखी हुई पेटी गायब हो चुकी थी। दुकानदार आसपास पतासाजी की और जब कुछ पता नही चला तो इसकी सूचना उन्होंने बयानार थाने को दी। थाना प्रभारी रोशन कौशिक ने बताया कि तकरीबन 4 लाख के जेवरात बाजार से पार होने का मामला सामने आया है।

**नई तकनीक** मुख्यमंत्री की पहल पर राजस्व प्रशासन कर रहा तैयारी

# जियो-रिफ्रेसिंग से भू-नक्शों के विवादों में आएगी कमी

## नई तकनीक के इस्तेमाल को मंजूरी

पत्रिका ब्यूरो
patrika.com

**रायपुर.** राज्य में आगामी कुछ दिनों में राजस्व प्रशासन काफी चुस्त-दुरुस्त नजर आएगा। राजस्व प्रशासन में नई-नई तकनीकों के माध्यम से नवाचार करने का सिलसिला शुरू हो जाएगा। प्रदेश में भूमि संबंधी विवादों को दूर करने के मद्देनजर राजस्व प्रशासन में नई तकनीक का उपयोग किया जाएगा। इस नई तकनीक का नाम जियो रिफ्रेसिंग है। इस तकनीक के माध्यम से भूमि के नक्शों के लिए खसरा के स्थान पर यूएल पिन नंबर दिया जाएगा। साथ ही भूमिधारक को भू-आधार कार्ड मिलेगा। राजस्व प्रशासन को सुदृढ़ करने के लिए बजट में 150 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है।

**वास्तविक भूमि चिन्हांकित करना होगा आसान :** जियो रिफ्रेंसिंग तकनीक में छोटी से छोटी भूमि का लॉन्गीट्यूड और एटीट्यूड के माध्यम से वास्तविक भूमि चिन्हांकित करना आसान हो जाएगा। नगरीय क्षेत्रों में भूमि संबंधी आने वाली दिक्कतों के मद्देनजर भूमि का नवीन सर्वेक्षण किया जाएगा। नगरीय क्षेत्रों में भूमि स्केल का पैमाना 1:500 रखा जाएगा। इससे नगरीय क्षेत्रों में घनी आबादी होने पर ही छोटे से छोटे भूखंड को भू-नक्शे में आसानी से दर्ज किया जा सकता हैं। राजस्व प्रशासन में सुधार की दृष्टि से भूमि के डायवर्सन कराने की प्रक्रिया को भी ऑनलाइन करने की योजना है।






**मुख्यमंत्री** विष्णु देव साय ने इस नई तकनीक के इस्तेमाल को अपनी मंजूरी दे दी है, इसके लिए बजट में प्रावधान भी कर दिया गया है। जियो रिफ़ेसिंग तकनीक के उपयोग के लिए राजस्व से जुड़े अमलों की व्यवस्था के साथ ही इनके प्रशिक्षण के लिए **रणनीति बनाई** जा रही है। **जियो रि**फ़ेसिंग के **काम** को **व्य**वस्थित ढंग **से** संचालित **क**रने के लिए **त**हसीलदार **ए**वं नायब **तह**सीलदार **के न**वीन पदों **का सृज**न किया **जा रहा है**।

**उप तहसील कार्यालय शुरू करने की भी पहल**

**राजस्व** संबंधी दिक्कतें लोगों को उनके क्षेत्र में ही सुलझाने के लिए नए स्थानों पर उप तहसील कार्यालय शुरू करने के भी पहल की जा रही है। इसी प्रकार नवगठित अनुविभागों में भी तहसील कार्यालय शुरू होंगे। राजस्व मंत्री टंक राम वर्मा ने मुंगेली जिले के चकरभाठा और बिलासपुर जिले के तखतपुर विकासखंड के सकर्रा में उप तहसील कार्यालय शुरू करने की घोषणा की गई है। दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर योजना शुरू करने के भी आवश्यक तैयारियां शुरू कर दी गई हैं।

**सियासत तेज :** भाजपा नेताओं के बयान से नाराजगी का मामला

# गुरु रुद्रकुमार गिरफ्तारी देने पहुंचे एसपी कार्यालय, माफी नहीं मांगने पर मानहानि की दी चेतावनी



बलौदाबाजार **हिंसा**

### भीड़ को उकसाने के आरोप को बताया झूठा

पत्रिका ब्यूरो
patrika.com

**रायपुर.** बलौदाबाजार कलेक्टर और एसपी ऑफिस में आगजनी और तोड़फोड़ के मामले में भाजपा के तीन मंत्रियों के झूठे आरोप से नाराज होकर सतनामी समाज के गुरु और पूर्वमंत्री गुरु रूद्रकुमार रायपुर एसपी कार्यालय पहुंचे। वे अपनी गिरफ्तारी देने पहुंचे थे। उनका कहना है कि भाजपा के तीन मंत्रियों ने प्रेस कॉन्फ्रेंस लेकर उन पर निराधर आरोप लगाए हैं।

समाज का मामला होने के कारण वे वहां गए थे। इसके कुछ देर बाद वे चले गए। तोड़फोड़ और आगजनी की घटना में उनकी कोई भूमिका नहीं है। इसके बावजूद भाजपा के तीन मंत्रियों ने उन पर झूठे आरोप लगाए हैं। वे इस पर माफी मांगे अन्यथा, उनके खिलाफ मानहानि का केस किया जाएगा। गुरु रुद्र ने कहा कि पुलिस के पास भी साक्ष्य है, तो उन्हें गिरफ्तार करे। उन पर बेवजह झूठे आरोप लगाए जा रहे हैं।

उन्होंने जैतखाम काटने के मामले की सीबीआई जांच की भी मांग की। बता दें कि अमरगुफा में जैतखाम काटने के विरोध में सतनामी समाज लगातार धरना-प्रदर्शन कर रहा है। सोमवार को बलौदाबाजार में भी प्रदर्शन किया जा रहा था। इस दौरान कुछ लोगों ने कलेक्टर और एसपी कार्यालय में आग लगा दिया गया। उसमें जमकर तोड़फोड़ भी की गई।

**साक्ष्य है तो पुलिस गिरफ्तार करे**



**इस** मामले में भाजपा के मंत्रियों ने गुरु रुद्र पर भी कई गंभीर आरोप लगाए थे। इसके विरोध में बुधवार को वे रायपुर एसपी कार्यालय अपनी गिरफ्तारी देने पहुंचे थे। उस समय एसएसपी संतोष सिंह और एएसपी ग्रामीण कीर्तन राठौर कार्यालय में नहीं थे। इस दौरान गुरु रुद्र ने पुलिस से मांग की कि साक्ष्य है, तो उन्हें गिरफ्तार किया जाए। करीब एक घंटे तक वे एसपी ऑफिस में रहे। पुलिस अधिकारियों के नहीं पहुंचने पर वे लौट गए।

**फर्जीवाड़ा :** केंद्र प्रभारियों की कुर्क होगी संपत्ति

## उपार्जन केंद्रों में करीब 14 करोड़ का धान कम, प्रभारी बर्खास्त

**पत्रिका ब्यूरो @ कवर्धा .** जिले में धान खरीदी में गंभीर अनियमितता बरतने वाले उर्पाजन केन्द्र के प्रभारियों के विरुद्ध कार्रवाई होगी। निलंबन, बर्खास्तगी के साथ ही केंद्र प्रभारी की संपत्ति की कुर्की होगी।उपार्जन केंद्रों का जिला प्रशासन द्वारा भौतिक सत्यापन कराया गया, जिसमें 95 उपार्जन केन्द्रों में कुल 64409.88 क्विंटल धान की कमी पाई गई। इसकी कुल राशि करीब 14 करोड़ रुपए हैं। जिले के 108 धान उपार्जन केन्द्रों में खरीदी की गई धान के रख-रखाव, सुरक्षा व्यवस्था, शत प्रतिशत धान का उठाव और शेष धान का भौतिक सत्यापन किया जा रहा है। भौतिक सत्यापन के लिए जिला प्रशासन द्वारा संयुक्त टीम गठित की गई। टीम द्वारा पोर्टल में प्रदर्शित आनलाइन धान की उपलब्धता की भी भौतिक सत्यापन किया जा रहा है। रिपोर्ट के आधार पर कुल 95 उपार्जन केन्द्रों में कुल



64409.88 क्विंटल धान की कमी पाई गई। भौतिक सत्यापन के दौरान अनियमितता पाए जाने पर कलेक्टर जनमेजय महोबे ने धान उपार्जन केन्द्र प्रभारी के खिलाफ सोसायटी अधिनियम 1962 के तहत उनकी संपत्ति नीलामी(कुर्की) कर वसूली की कार्रवाई, साथ ही बर्खास्तगी के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने इन धान खरीदी केन्द्रों को ब्लैक लिस्टेड करने के प्रस्ताव भी शासन को प्रेषित करने के निर्देश सहकारी सेवा संस्थाए को दिए हैं।

**कटघोरा वन मंडल :** दंतैल ने दो दिनों में छह मकानों को तोड़ा



**पत्रिका ब्यूरो @ कोरबा.** कटघोरा वनमंडल में हाथियों के उत्पात ने ग्रामीणों की परेशानी बढ़ा दी है। झुंड में शामिल एक दंतैल हाथी ने कटमोगरा में मंगलवार की रात एक बार फिर दो मकानों को तोड़ दिया है। इससे ग्रामीण डरे हुए हैं। मंगलवार की रात झुंड से अलग होकर एक दंतैल हाथी ग्राम कटमोगरा पहुंचा और उत्पात मचाते हुए दो मकानों तोड़ दिया। इसमें धनी राम यादव व एक अन्य ग्रामीण के मकान शामिल हैं। उत्पाती दंतैल के पहुंचने व घर ढहाए जाने से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है।

**पत्रिका इम्पैक्ट:** निजी अस्पताल का लाइसेंस निरस्त

## बच्चेदानी का कैंसर बताकर किया ऑपरेशन, महिला की हो गई थी मौत

### कुल्हाड़ीघाट की गैंदूबाई मरकाम की 10 मई को हो गई थी मौत

### छत्तीसगढ़ मेडिकल काउंसिल ने की अनुशंसा

खबर का असर



पत्रिका
12 जून 2024 को प्रकाशित

**पत्रिका ब्यूरो @ रायपुर .** छत्तीसगढ़ मेडिकल काउंसिल ने गरियाबंद जिले के छुरा स्थित लक्ष्मी नारायणा हॉस्पिटल का लाइसेंस निरस्त करने की अनुशंसा की है। काउंसिल की एथिक्स कमेटी ने यह अनुशंसा एक महिला की मौत की शिकायत के बाद की है। डॉक्टरों ने महिला के बच्चेदानी में कैंसर का हवाला देकर ऑपरेशन किया था। सर्जरी में लापरवाही की वजह से महिला की हालत बिगड़ती गई और अंततः कई अस्पतालों में भर्ती होने के बाद 10 मई को आंबेडकर अस्पताल में मौत हो गई थी। परिजनों ने अस्पताल संचालक व डॉक्टरों की शिकायत गरियाबंद कलेक्टर व एसपी से की थी। इसके बाद मामला छग मेडिकल काउंसिल पहुंचा था।

पत्रिका ने 12 जून के अंक में "डिग्री नहीं, दूसरे के लाइसेंस पर खोल दिया अस्पताल" शीर्षक से समाचार प्रकाशित किया था। इसमें छुरा अस्पताल के केस का भी उल्लेख किया गया है। परिजनों की शिकायत के बाद छग मेडिकल काउंसिल में एथिक्स कमेटी की बैठक हुई। बैठक में अस्पताल की लापरवाही पाई गई और अस्पताल का लाइसेंस निरस्त करने की अनुशंसा की गई है। यह बैठक काउंसिल के अध्यक्ष व हैल्थ डायरेक्टर ऋतुराज रघुवंशी व कमेटी के सदस्यों की उपस्थिति में हुई।

कमेटी ने महिला का ऑपरेशन करने वाले दोनों डॉक्टरों के अलावा नॉन मेडिको अस्पताल संचालिका का पक्ष भी सुना। डॉक्टरों व अस्पताल संचालिका ने गोलमाल जवाब दिया। इसके बाद कमेटी ने मामले की गंभीरता को देखते हुए कड़ी कार्रवाई का निर्णय लिया। अस्पताल का लाइसेंस निरस्त करने के संबंध में हैल्थ डायरेक्टर व काउंसिल के अध्यक्ष ऋतुराज रघुवंशी आदेश जारी करेंगे। संभावना है कि कुछ दिनों में आदेश जारी हो जाए।

**क्या था मामला**

**कुल्हाड़ीघाट** गरियांबद के भागीरथी मरकाम ने अपनी पत्नी गैंदूबाई के पेट में दर्द होने के बाद 8 अप्रैल को लक्ष्मी नारायणा हॉस्पिटल छुरा में भर्ती कराया था। कलेक्टर व एसपी को की गई शिकायत में बताया गया है कि मेडिकल कॉलेज महासमुंद के एक सर्जन के कहने पर महिला को छुरा ले जाया गया। आरोप है कि बच्चेदानी के ऑपरेशन के दौरान पेट की दूसरी नस काट दी गई। इससे महिला लगातार गंभीर होती गई और अंतत: मौत हो गई।

**दो दोस्तों का जुनून** रामानुजगंज में कर रहे 100 एकड़ से अधिक जमीन पर फलों की खेती

# इंजीनियर व डॉक्टर ने फलों और फूलों की खेती से बदली किस्मत

एक्सक्लूसिव

प्रणयराज सिंह राणा
patrika.com

**अंबिकापुर.** रामानुजगंज-बलरामपुर जिले में दो दोस्तों की एक अनोखी कहानी सामने आई है। इन्होंने अपनी उच्च शिक्षित नौकरियों को त्यागकर फलों और फूलों की खेती शुरू की है। एक इंजीनियर और एक डॉक्टर ने मिलकर न केवल अपनी बल्कि आसपास के किसानों की भी ज़िन्दिगी बदल दी हैं। एस एन तिवारी और डॉक्टर विकास अग्रवाल की इस कहानी में प्रेरणा का अद्भुत स्रोत हैं। इन्होंने परंपरागत खेती से हटकर उन्नत कृषि की राह चुनी। दोनों इन दिनों 100 एकड़ से अधिक के रकबे पर फलों की खेती कर रहे हैं।इसके अलावा फूलों की खेती भी कर रहे हैं।

एस एन तिवारी, जो एक कुशल इंजीनियर हैं। इनकी अपनी इंजीनियरिंग के दौरान वैज्ञानिक डॉक्टर प्रशांत शर्मा से मुलाकात हुई थी। दोनों में गहरी दोस्ती हो गई। डॉक्टर प्रशांत शर्मा ने उन्हें फसलों को छोड़कर फलों की खेती करने को प्रेरित किया। इंजीनियरिंग के बाद एस एन तिवारी एक बड़ी फर्म से जुड़े लेकिन खेती के लिए नौकरी छोड़ दी। यहां उनकी मुलाकात डॉक्टर विकास अग्रवाल से हुई। दोनों ने मिलकर किसानों को उन्नत कृषि की ओर ले जाने की योजना बनाई। इसके लिए रिसर्च सेंटर अपनी ज़मीनों को ही बना दिया। हालांकि एसएन तिवारी ने बचपन के मित्र राकेश सिंह के साथ मिलकर खेती की दुनिया में पहले ही कदम रख दिया था। शुरुआती दिनों में उन्होंने टमाटर, खीरा जैसी सब्जियां लगाई, लेकिन बाज़ार मूल्य में अस्थिरता की वजह से उन्होंने फलों और फूलों की खेती की ओर रुख़ किया।

**डॉक्टर ने सरकारी नौकरी छोड़ी :** डॉक्टर विकास अग्रवाल ने अपनी मेडिकल की पढ़ाई पूरी करने के बाद एक सरकारी अस्पताल में नौकरी की। लेकिन उनका मन हमेशा कृषि और ग्रामीण विकास की ओर खिंचता रहा। अपने मित्र एस एन तिवारी के साथ मिलकर उन्होंने अपने सपने को साकार करने का निर्णय लिया और अपनी नौकरी छोड़ दी। उनकी इस पहल से न केवल उनका जीवन बदला, बल्कि उन्होंने सैकड़ों किसानों की जिंदगी भी बदल दी।

**आधुनिक खेती को बढ़ावा देने किसानों की कर रहे मदद**



स्थानीय किसान से बात करते डॉक्टर विकास अग्रवाल और इंजीनियर एस.एन. तिवारी।



### शुरुआती संघर्ष और अब सफलता की राह

**शुरुआत** में दोनों ने लगभग 10 एकड़ जमीन पर खेती शुरू की। पहले साल में उन्होंने कई समस्याओं का सामना किया, लेकिन उनकी मेहनत और दृढ़ संकल्प ने उन्हें हार मानने नहीं दिया। जल्द ही उन्होंने विदेशी तकनीकों और आधुनिक कृषि उपकरणों का सहारा लिया, जिससे उनकी फसल की गुणवत्ता और उत्पादन में वृद्धि हुई। अब वे लगभग 100 एकड़ में खेती कर रहे हैं और उनके फलों और फूलों की मांग देश के विभिन्न हिस्सों में बढ़ी है।

**विश्व कप टी-20:** ग्रुप-बी में कंगारू टीम ने नामीबिया को नौ विकेट से दी मात

# 5.4 ओवर में लक्ष्य हासिल कर ऑस्ट्रेलिया ने सुपर-8 में जगह बनाई

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**एंटिगुआ.** ऑस्ट्रेलियाई टीम ने जीत की हैट्रिक लगाते हुए टी-20 विश्व कप के अंतिम आठ में जगह बना ली है। बुधवार को खेले गए ग्रुप-बी मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया ने नामीबिया को 86 गेंद शेष रहते नौ विकेट से शिकस्त दी। कंगारू टीम ने शानदार गेंदबाजी की और नामीबियाई टीम को 17 ओवर में सिर्फ 72 रन पर ऑलआउट कर दिया। इसके बाद ऑस्ट्रेलिया ने 5.4 ओवर में एक विकेट गंवाकर 74 रन बनाए और मैच आसानी से जीत लिया।

### एरास्मस ने 17वीं गेंद पर खोला खाता

**नामीबिया** के बल्लेबाज गेराल्ड एरास्मस ने एक अनचाहा विश्व रेकॉर्ड बनाया। उन्होंने 43 गेंदों में चार चौकों और एक छक्के के साथ 36 रन बनाए। लेकिन इस दौरान उन्होंने अपना पहला रन 17वीं गेंद पर बनाया। वह टी-20 इतिहास में सबसे ज्यादा गेंदों पर खाता खोलने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। इससे पहले, केन्या के तन्मय मिश्रा ने 2007 में पाकिस्तान के खिलाफ 16 गेंदों पर खाता खोला था।

**प्लेयर ऑफ द मैच**

### स्पिनर एडम जाम्पा 100 विकेट लेने वाले पहले कंगारू गेंदबाज बने

**ऑस्ट्रेलिया** की जीत के नायक स्पिनर एडम जाम्पा रहे, जिन्होंने चार ओवर में 12 रन देकर चार विकेट चटकाए। वह लगातार दूसरे मैच में प्लेयर ऑफ द मैच बने। इसके साथ ही जाम्पा अंतरराष्ट्रीय टी-20 में 100 विकेट चटकाने वाले पहले ऑस्ट्रेलियाई पुरुष गेंदबाज बने। उनके नाम 83 मैचों में कुल 100 विकेट हो गए हैं।

**08** विकेट इस ***विश्व कप में अब तक चटकाए***

**83** अंतरराष्ट्रीय ***टी-20 मैचों में 100 विकेट***



मैच के दौरान अपील करते हुए ऑस्ट्रेलियाई स्पिनर जाम्पा।

**ग्रुप-डी मैच**

### श्रीलंका और नेपाल का मैच बारिश से धुला

**श्रीलंकाई टीम सुपर-8 की रेस से बाहर**

**लाउंडरहिल.** श्रीलंका और नेपाल के बीच खेला गया मुकाबला बारिश की वजह से धुल गया। श्रीलंकाई टीम अंतिम आठ की रेस से बाहर हो गई है। श्रीलंका ने तीन मैच खेले और दो हारे जबकि एक बेनतीजा रहे। नेपाल ने दो मैच खेले और एक हारा व एक बेनतीजा रहा।

**टी-20 विश्व कप: प्रसारण :** सुबह 6.00 बजे से

## 12 साल बाद विंडीज और न्यूजीलैंड के बीच भिड़ंत

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**तारौबा.** आइसीसी टी-20 विश्व कप में गुरुवार को मेजबान वेस्टइंडीज और न्यूजीलैंड के बीच ग्रुप-सी का मुकाबला खेला जाएगा। दोनों देशों के बीच विश्व कप में 12 साल के बाद यह पहला मुकाबला है। इससे पहले, दोनों टीमें 2012 विश्व कप में भिड़ी थीं, जिसमें वेस्टइंडीज ने सुपर ओवर में जीत हासिल की थी। वेस्टइंडीज ने टूर्नामेंट में कुल दो मैच खेले हैं और दोनों में जीत हासिल की है।



न्यूजीलैंड के कप्तान विलियम्सन

***कीवी टीम के लिए जीत जरूरी:*** न्यूजीलैंड ने एक मैच खेला है और उसे अफगानिस्तान के खिलाफ हार झेलनी पड़ी। कीवी टीम को सुपर-आठ की होड़ में बने रहने के लिए हर हाल में जीत चाहिए।

**ग्रुप-डी मुकाबला :** प्रसारण-रात 8.00 बजे से

## बांग्लादेश-नीदरलैंड्स के बीच मैच

**किंग्सटन @ पत्रिका.** बांग्लादेश और नीदरलैंड्स के खिलाफ गुरुवार को ग्रुप-डी का मुकाबला खेला जाएगा। दोनों टीमों ने अब तक दो-दो मैच खेले गए हैं और एक-एक जीत हासिल की है। टी-20 इतिहास में बांग्लादेश ने नीदरलैंड्स के साथ कुल चार मुकाबले खेले हैं और तीन जीते जबकि एक हारा है। बांग्लादेश के पास पिछले मैच में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ जीत हासिल करने का अच्छा मौका था, लेकिन खराब बल्लेबाजी के कारण वह चूक गई। ऐसे में टीम को बल्लेबाजी में काफी सुधार करना होगा।

**आज का पोल**

**क्या न्यूजीलैंड की टीम मेजबान वेस्टइंडीज को शिकस्त दे पाएगी?**

YES NO

हमारे ट्विटर/फेसबुक पेज पर जाएं और विस्तार से अपनी राय रखें। @PatrikaNews

बुधवार का जवाब

हां **10**% नहीं **90**%

***पिछला सवाल:*** क्या नामीबिया की टीम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उलटफेर कर पाएगी?

**टी-20 विश्व कप :** भारतीय टीम ने अमरीका को ग्रुप-ए मुकाबले में सात विकेट से दी शिकस्त

# अर्शदीप और सूर्यकुमार चमके, लगातार तीसरी जीत से टीम इंडिया अगले दौर में

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**न्यूयॉर्क.** भारतीय टीम ने आइसीसी टी-20 विश्व कप में जीत की हैट्रिक लगाते हुए बुधवार को अमरीकी टीम के खिलाफ सात विकेट से जीत हासिल की। इसके साथ टीम इंडिया ग्रुप-ए से अंतिम आठ में जगह बनाने वाली पहली टीम बन गई है। वहीं, अमरीका को तीन मैचों में पहली हार मिली, लेकिन उसके अंतिम आठ में जाने की उम्मीदें अभी कायम हैं, लेकिन इसके लिए उसे अपने आखिरी मैच में आयरलैंड के खिलाफ जीत दर्ज करनी होगी।

इससे पहले, भारत ने टॉस जीता और पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। अमरीकी टीम आठ विकेट पर 110 रन ही बना सकी। जवाब में भारतीय टीम ने 18.2 ओवर में तीन विकेट पर 111 रन बनाकर मैच जीत लिया।

### सूर्य ने अर्धशतक जड़ा, शिवम ने 31 रन बनाए

**सूर्यकुमार** यादव ने भारत की ओर से नाबाद 50 रन की पारी खेली। उन्होंने 49 गेंद खेलते हुए दो चौके और दो छक्के लगाए। इस विश्व कप में सूर्यकुमार का पहला जबकि करियर का 18वां अर्धशतक है।

**अहम साझेदारी निभाई :** भारतीय टीम की शुरुआत खराब रही और उसने 44 रन तक तीन विकेट गंवा दिए थे। ऐसे में सूर्य ने शिवम दुबे के साथ चौथे विकेट के लिए नाबाद 67 रन जोड़े। शिवम ने एक चौके व एक छक्के संग नाबाद 31 रन बनाए और फॉर्म में वापसी कर ली। इससे पहले, अमरीकी टीम के लिए नीतिश कुमार ने सर्वाधिक 27 रन की पारी खेली। उन्होंने 23 गेंद खेलते हुए दो चौके, एक छक्का लगाया।



**बुधवार** को खेले गए मुकाबले में अमरीकी बल्लेबाज को आउट करने के बाद सूर्यकुमार यादव के साथ जश्न मनाते हुए मीडियम पेसर अर्शदीप सिंह।

**04** विकेट अर्शदीप सिंह ने सर्वाधिक चटकाए, ***सिर्फ नौ रन देकर***

**07** विकेट अर्शदीप सिंह ने ***इस टूर्नामेंट में झटके तीन मुकाबलों में***

**प्लेयर ऑफ द मैच : अर्शदीप की घातक गेंदबाजी**

**मीडियम** पेसर अर्शदीप सिंह ने सर्वाधिक चार विकेट चटकाए। उन्होंने चार ओवर के स्पैल में सिर्फ नौ रन खर्च किए। यह टी-20 विश्व कप में भारत की ओर से किसी गेंदबाज का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। इसके अलावा, अर्शदीप के करियर का यह भी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। मैच के बाद अर्शदीप ने कहा, मैं अपने प्रदर्शन से काफी खुश हूं। पिछले दो मैच मेरे लिए बहुत अच्छे नहीं रहे, लेकिन टीम ने मेरा समर्थन किया और इससे मेरा हौसला बढ़ा। अब हमारी नजरें सुपर-8 मैचों पर हैं।

**निराशाजनक**

### तीसरी पारी में भी फेल रोहित-विराट की जोड़ी

**111 रन** के लक्ष्य का पीछा करते हुए रोहित शर्मा और विराट कोहली की सलामी जोड़ी लगातार तीसरे मैच में टीम को अच्छी शुरुआत नहीं दे सकी। विराट कोहली मीडियम पेसर सौरभ नेत्रवलकर की पहली ही गेंद पर पवेलियन लौट गए। विराट तीन मैचों में सिर्फ पांच रन ही बना सके हैं। सौरभ ने इसके बाद रोहित शर्मा को आउट किया, जो तीन रन ही बना सके। रोहित के नाम तीन मैचों में सिर्फ 68 रन हैं।

### लक्ष्य आसान नहीं था

हम जानते थे कि 111 रन का लक्ष्य हासिल करना आसान नहीं होगा। सूर्यकुमार और शिवम ने शानदार बल्लेबाजी की और टीम को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। अमरीकी टीम के कई खिलाड़ियों के साथ हम खेल चुके हैं। उन्होंने यहां तक पहुंचने के लिए कड़ी मेहनत की है। **-रोहित शर्मा**

**स्कोर बोर्ड**

| अमरीका | 20 ओवर 110/08 |
|---|---|
| **बल्लेबाज** | **रन गेंद 4 6** |
| जहांगीर एलबीडब्ल्यू बो सिंह | 00 01 00 00 |
| टेलर बो अक्षर पटेल | 24 30 00 02 |
| गौस कॉ पांड्या बो सिंह | 02 05 00 00 |
| जोंस कॉ सिराज बो पांड्या | 11 22 00 01 |
| नीतिश कॉ सिराज बो सिंह | 27 23 02 01 |
| एंडरसन कॉ पंत बो पांड्या | 15 12 01 01 |
| हरमीत कॉ पंत बो सिंह | 10 10 00 01 |
| शेड्ले नॉट आउट | 11 10 01 00 |
| जसदीप रन आउट | 02 07 00 00 |

**अतिरिक्त:** 08. **विकेट पतन:** 1-0, 2-3, 3-25, 4-56, 5-81, 6-96, 7-98, 8-110.

**गेंदबाजी:** अर्शदीप सिंह 4-0-9-4, सिराज 4-0-25-0, बुमराह 4-0-25-0, हार्दिक पांड्या 4-1-14-2, शिवम दुबे 1-0-11-0, अक्षर पटेल 3-0-25-1.


| भारत | 18.2 ओवर 111/03 |
|---|---|
| **बल्लेबाज** | **रन गेंद 4 6** |
| रोहित कॉ हरमीत बो सौरभ | 03 06 00 00 |
| विराट कॉ गौस बो सौरभ | 00 01 00 00 |
| ऋषभ पंत बो अली खान | 18 20 01 01 |
| सूर्यकुमार यादव नॉट आउट | 50 49 02 02 |
| शिवम दुबे नॉट आउट | 21 35 01 01 |

**अतिरिक्त:** 09. **विकेट पतन:** 1-1, 2-10, 3-39.

**गेंदबाजी:** सौरभ 4-0-18-2, अली खान 3.2-0-21-1, जसदीप सिंह 4-0-24-0, शेडले 4-0-25-0, कोरी एंडरसन 3-0-17-0.

**बैडमिंटन**

### प्रणय और आकर्षी ने किया जीत से शानदार आगाज



एचएस प्रणय, भारतीय शटलर।

**मेलबर्न@ पत्रिका.** भारत के पुरुष एकल शटलर खिलाड़ी एचएस प्रणय और महिला एकल खिलाड़ी आकर्षी कश्यप ने यहां खेले जा रहे ऑस्ट्रेलियन ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट में जीत से आगाज किया। इस साल होने वाले पेरिस ओलंपिक 2024 के लिए क्वालीफाई कर चुके प्रणय ने राउंड-32 में ब्राजील के यागोर डी ओलिवेरा को 21-10, 21-21 से शिकस्त दी। वहीं, किरेन जॉर्ज ने भी पहले मुकाबले में चीन के एस झियाडोंग को 21-17, 21-10 से हराया। महिला एकल में युवा बारतीय खिलाड़ी आकर्षी कश्यप ने जबरदस्त प्रदर्शन किया और और यूक्रेन की पोलिना बुहुरोवा को 21-14, 21-11 से मात देकर अंतिम-16 में जगह बनाई।

**यूरो कप फुटबॉल 2024 :** हर शाम लाइट शो से रोशन होगा आसमान

**फ्रैंकफर्ट @ पत्रिका.** जर्मनी की मेजबानी में यूरो कप फुटबॉल 2024 की शुरुआत 14 जून से होने जा रही है। टूर्नामेंट का आयोजन 10 शहरों में होगा, जिसमें फ्रैंकफर्ट भी शामिल है। मंगलवार रात को फ्रैंकफर्ट की सबसे महत्वपूर्ण मेन नदी के पास शानदार लाइट शो का परीक्षण किया गया। यह शो यूरो कप के दौरान शहर के मनोरंजन कार्यक्रम का हिस्सा है और हर शाम इसका आयोजन होगा। जर्मनी 1988 के बाद पहली बार इस टूर्नामेंट की मेजबानी कर रहा है



**टेनिस:** नॉटिंघम ओपन के दूसरे दौर में पहुंची

## एम्मा राडुकानु ने 713 दिन के बाद घर में पहली जीत दर्ज की

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**नॉटिंघम.** ब्रिटेन की 21 वर्षीय एम्मा राडुकानु ने मंगलवार रात यहां खेले जा रहे नॉटिंघम ओपन टेनिस टूर्नामेंट में जीत से आगाज किया। हाल में चोट से उबरकर वापसी करने वाली राडुकानु की अपने घर में 713 दिन बाद यह पहली जीत है। राडुकानु ने राउंड-32 में जापान की एना शिबाहारा को 6-1, 6-4 से करारी शिकस्त दी।



## CROSSWORD (वर्ग पहेली) 7013...

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | ■ | 4 | | 5 | 6 |
| 7 | | ■ | 8 | 9 | | ■ | 10 | |
| ■ | 11 | 12 | | | ■ | 13 | | ■ |
| 14 | | | | | ■ | 15 | | 16 |
| | ■ | | ■ | ■ | 17 | | ■ | |
| 18 | 19 | ■ | 20 | 21 | | ■ | 22 | |
| 23 | | | ■ | | ■ | 24 | | ■ |
| ■ | | ■ | 25 | | 26 | | ■ | 27 |
| 28 | | | ■ | | ■ | 29 | | |

**बाएं से दाएं...** 1. मध्याह्न (4), 4. तनकीद, गुण-दोष निरूपण या विवेचन करना (4), 7. दशा, स्थिति (2), 8. शिथिल होना (3), 10. धूल, गर्द (2), 11. खिसकाना, सरकाना, टालना (4), 13. समीर, अनिल (2), 14. लगातार, बिना रुके हुए, सतत (5), 15. ढोली उठाने वाले (3), 17. कंठ, गरदन (2), 18. निश्चित, निर्णीत (2), 20. बदले, प्रतिफल (3), 22. अन्न कण, अनाज (2), 23. रात, निशा (3), 24. वस्तु, प्राणी आदि का बोध सूचक शब्द (2), 25. पहचान (4), 28. कहासुनी, बिगाड़ (4), 29. पीला (2)

**ऊपर से नीचे...** 1. चार चरणों वाला छंद (2), 2. सैनिक दल (4), 3. घोड़ा गाड़ी बनाने वाला (2-2), 4. पदार्पण, पहुंचना, आगमन (2), 5. पशुओं को चराकर अपनी जीविका चलाने वाला (4), 6. गर्व, अभिमान (2), 9. कपड़े की दीवार (3), 12. रवाना किए गए माल का ब्योरा लिखने का कागज (3), 13. रुक-रुक कर बोलने वाला (3), 14. और थोड़ा (4), 16. प्रस्थान (3), 17. हाथी, माप का एक पैमाना (2), 19. ब्राह्मणों से धार्मिक कार्य कराने वाला (4), 21. अपना देश, राष्ट्र (3), 22. मूल्य, कीमत (2), 24. ध्वनि, आवाज (2), 25. शरीर, देह, बदन (2), 26. तोता, शुक (2), 27. संदेश पहुंचाने वाला (2)

**हल 7012**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| रा | ज, | धा | नी | ■ | जा | न | का | र |
| ज | ल | न | ■ | त | य | ■ | र | ज |
| ति | ■ | ■ | क | र | दा | ता | ■ | वा |
| ल | ब | रे | ज | ■ | द | ■ | जा | ड़ा |
| क | ■ | त | रा | जू | ■ | गा | य | ■ |
| ■ | स | ■ | रा | ■ | ज | य | का | रा |
| अ | र | सा | ■ | ख | र | ब | ■ | ज |
| का | का | ■ | बा | ल | म | ■ | ना | नी |
| ल | र | ज | ना | ■ | न | भ | ■ | ति |

## SUDOKU 6748...

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | | 4 | | | | | 9 |
| | 2 | | | | | | | 7 |
| | 3 | | | | 2 | 5 | | |
| 6 | | | | 9 | | | | |
| | 9 | | | 8 | | | 3 | |
| | | | | 1 | | | | 5 |
| 7 | | 6 | | 5 | | | | |
| | 8 | | | | | 7 | 9 | 4 |
| | | | | | | | | 8 |

**हल 6747**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 3 | 2 | 4 | 9 | 5 | 6 | 1 | 7 |
| 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 2 | 4 | 3 | 5 |
| 5 | 4 | 1 | 3 | 6 | 7 | 2 | 8 | 9 |
| 4 | 2 | 8 | 7 | 5 | 9 | 1 | 6 | 3 |
| 6 | 5 | 9 | 1 | 8 | 3 | 7 | 2 | 4 |
| 7 | 1 | 3 | 2 | 4 | 6 | 9 | 5 | 8 |
| 3 | 7 | 4 | 5 | 2 | 1 | 8 | 9 | 6 |
| 2 | 9 | 5 | 6 | 7 | 8 | 3 | 4 | 1 |
| 1 | 8 | 6 | 9 | 3 | 4 | 5 | 7 | 2. |

**कैसे खेलें:** वर्ग को 1 से 9 तक अंकों से ऐसे भरें कि आड़ी व खड़ी पंक्ति के साथ ही 3 गुणा 3 के बॉक्स में 1 से 9 तक अंक आएं। कोई अंक दुबारा नहीं आए।

**फीफा विश्व कप क्वालीफायर** // भारतीय फुटबॉल टीम को क्वालीफायर-2 के अहम मुकाबले में कतर के खिलाफ 1-2 से हार का सामना करना पड़ा

# बेईमानी ने तोड़ा तीसरे दौर में क्वालीफाई करने का हमारा सपना : स्टिमैक

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**दोहा.** भारतीय खिलाड़ियों और मुख्य कोच इगोर स्टिमैक को पूरी उम्मीद थी कि कतर के खिलाफ मैच जीतकर टीम इतिहास रच देगी और फीफा विश्व कप फुटबॉल क्वालीफायर के तीसरे राउंड में जगह बना लेगी, लेकिन ऐसा नहीं हो सका और मंगलवार रात यहां खेले गए कड़े मुकाबले में भारतीय टीम को 1-2 से हार झेलनी पड़ी। इसके साथ ही टीम का पहली बार तीसरे राउंड में जगह बनाने का सपना टूट गया। इस हार के बाद निराश भारतीय टीम के मुख्य कोच इगोर स्टिमैक ने कहा कि हमारे साथ बेईमानी हुई है।



कोच स्टिमैक

गेंद को लाइन के बाहर से लाते हुए कतर के खिलाड़ी।

**यह था पूरा वाकया, खिलाड़ियों ने जताया था विरोध**

1 मैच के 73वें मिनट में भारतीय गोलकीपर गुरप्रीत ने कतर के खिलाड़ी यूसूफ अयमन का हेडर रोका। लेकिन ***गेंद गोलपोस्ट के पास लाइन के पार चली गई। लेकिन कतर के अल हाशमी बॉल लाइन के बाहर से बॉल लेकर अंदर आ गए, जिस पर यूसूफ अयमन ने गोल कर दिया।***

2 इस दौरान भारतीय खिलाड़ियों ने खेल रोक दिया, लेकिन ***रेफरी ने सीटी नहीं बजाई और कतर के खाते में गोल दे दिया।*** हालांकि रिप्ले में साफ दिख रहा था कि गेंद लाइन को क्रास कर चुकी है और उसी समय खेल रुक जाना चाहिए था।

3 मैच के दौरान भारतीय खिलाड़ियों ने रेफरी के फैसले का जोरदार विरोध भी किया, ***क्योंकि उनका मानना था कि गोल उस समय हुआ, जब खेल रुक गया था,*** लेकिन रेफरी ने भारतीय खिलाड़ियों का विरोध खारिज कर दिया।

### कोच स्टिमैक बोले, गलत फैसले के कारण हमारी टीम हारी

**स्टिमैक** ने कहा, हमारे साथ अन्याय हुआ है। हम मैच जीतने और तीसरे राउंड में क्वालीफाई करने के बहुत करीब थे, लेकिन गलत फैसले के कारण ऐसा नहीं हो सका। मैंने रीप्ले में देखा। गेंद लाइन से बाहर थी लेकिन फिर भी गोल दे दिया गया।

### बढ़त के बाद हारे, मौके का फायदा नहीं उठा सका भारत

**भारतीय** टीम ने 37वें मिनट में लालियानजुआला चांग्ते के गोल से मैच में 1-0 से बढ़त कायम कर ली थी, लेकिन 73वें मिनट में यूसूफ अयमन के विवादास्पद गोल और अहमद अल रावी के 85वें मिनट में किए गोल से कतर 2-1 से जीत गया।

### एआइएफएफ ने फैसले के विरोध में लिखा पत्र

**अखिल** भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआइएफएफ) ने अपने बयान में रेफरी के गलत फैसले की निंदा की। एआएफएफ ने कहा कि उसने इस मामले की जांच शुरू करने के लिए फीफा क्वालीफायर प्रमुख, एएफसी रेफरी प्रमुख, एएफसी प्रतियोगिता प्रमुख और खेल के मैच आयुक्त को लिखा है। महासंघ ने लिखा, जीत-हार खेल का अभिन्न अंग हैं और हमने इसे शालीनता से स्वीकार करना सीख लिया है, पर कल रात भारत के खिलाफ किए एक गोल ने कुछ सवाल अनुत्तरित छोड़ दिए। हमें पूरा भरोसा है कि फीफा और एएफसी इस संबंध में आवश्यक कदम उठाएंगे।

**टी-20 रैंकिंग**

### नंबर-1 ऑलराउंडर बने मोहम्मद नबी



**दुबई@ पत्रिका.** अफगानिस्तान के मोहम्मद नबी आइसीसी की ताजा टी-20 रैंकिंग में शीर्ष ऑलराउंडर बन गए हैं। उन्होंने बांग्लादेश के शाकिब अल हसन को पीछे छोड़ा, जो पांचवें स्थान पर खिसक गए हैं। वहीं, नबी को ताजा रैंकिंग में दो स्थान का फायदा हुआ है। ऑस्ट्रेलिया के मार्कस स्टोइनिस दूसरे जबकि श्रीलंका के वानिंदु हसारंगा तीसरे स्थान पर हैं। हैरानी की बात यह है कि भारत को कोई खिलाड़ी शीर्ष 10 में जगह नहीं बना सका है।

## पत्रिका पोल

Q क्या भारत में बर्ड फ्लू वायरस से संक्रमण के मामले को बहुत गंभीरता से लेने की जरूरत है?

**कल का सवाल था**

जम्मू कश्मीर में आतंकी हमले के बाद क्या भारत को पाकिस्तान से क्रिकेट मैच खेलना चाहिए?

जवाब

37% हां 63% नहीं

स्कैन करें...

## इंडिया@ शॉर्ट रीड

### तमिलनाडु सांप को मारा और पकाकर खा गया

**तिरुपत्तूर@ पत्रिका.** तमिलनाडु के तिरुपत्तूर जिले से बेहद चौंका देने वाली खबर सामने आई है। यहां एक युवक को पुलिस ने सांप को मारने और उसकी खाल उतारकर उसे पकाकर खाने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया है। तिरुपत्तूर वन अधिकारी चोलराजन ने वनपाल और वन कर्मचारियों के नेतृत्व में एक वायरल वीडियो के आधार पर जांच की व पेरुमापट्टू गांव में जाकर राजेश कुमार नामक युवक को गिरफ्तार किया।

### दिल्ली चुनावों में वायु सेना ने भरीं 1750 उड़ान

**नई दिल्ली @ पत्रिका.** लोकसभा चुनावों में वायुसेना के विमानों और हेलिकॉप्टरों ने एक हजार घंटे के दौरान 1750 से अधिक उडान भरी। वायु सेना ने बुधवार को बताया कि उसके एमआई-17 वेरिएंट, हल्के उपयोगी हेलिकॉप्टर (चेतक) और स्वदेशी उन्नत हल्के हेलीकॉप्टर ध्रुव तथा मालवाहक विमानों ने चुनावकर्मियों से लेकर चुनावी सामग्री के परिवहन के लिए 1750 से अधिक उडान भरी।

### गुजरात कुएं में डूबने से तीन बालिकाओं की मौत

**गोधरा@ पत्रिका.** मध्य गुजरात के पंचमहाल जिले की घोघंबा तहसील में कुएं में डूबने से तीन बालिकाओं की मौत हो गई। सीमलिया गांव के तीन परिवारों की बालिकाएं कीर्ति (5), सरस्वती (10) और ललिता (12) मंगलवार को सीमलिया गांव के पास पीपलिया के जंगल में बकरियां चराने गई थीं। प्यास लगने पर एक बालिका कुएं में उतरी, पैर फिसलने से गिर गई, उसे बचाने के लिए दो अन्य बालिकाएं भी कुएं में गिर गईं।

### हादसा शहर के बीच केमिकल फैक्ट्री में आग



**विदिशा @ पत्रिका.** भाजपा नेता और कांग्रेस के पूर्व विधायक शशांक भार्गव के पेस्टीसाइड कारखाने में बुधवार सुबह भीषण आग लग गई। दमकलकर्मियों ने बड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। किसी प्रकार की जनहानि की सूचना नहीं है। फैक्ट्री में केमिकल से भरे ड्रमों में आग और धुएं के कारण लोगों को आंखों में जलन और खांसी की शिकायत हुई। शहर के बीच स्थित इस औद्योगिक क्षेत्र के खतरे को लेकर पत्रिका ने पिछले माह ही सचेत किया था!

## वर्ल्ड@ शॉर्ट रीड

### कांगो पहली महिला पीएम तुलुका ने ली शपथ

**किंशासा @ पत्रिका.** डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ कांगो (डीआरसी) की पहली महिला प्रधानमंत्री के रूप में जूडिथ सुमिनवा तुलुका ने बुधवार को शपथ ली। तुलुका राष्ट्रपति कार्यालय में प्रेसिडेंशियल स्ट्रैटेजिक मॉनिटरिंग काउंसिल के उप समन्वयक के रूप में काम कर चुकी हैं। 29 मई को बनी नई सरकार में प्रधानमंत्री, छह उप प्रधानमंत्रियों और 10 राज्य मंत्रियों सहित 55 सदस्य शामिल हैं।

### सुप्रीम कोर्ट: 'हम आपके अफसर को जेल भेजेंगे'

## टैंकर माफिया व जल की बर्बादी पर दिल्ली सरकार को फटकार

**नई दिल्ली @ पत्रिका.** सुप्रीम कोर्ट ने पानी की बर्बादी और टैंकर माफिया पर नकेल नहीं कसे जाने को लेकर बुधवार को दिल्ली सरकार को जमकर फटकार लगाई। कोर्ट ने यहां तक कह दिया कि अगर दिल्ली सरकार टैंकर माफिया पर नकेल नहीं कस पाती है तो हम दिल्ली पुलिस को लगाएंगे। शीर्ष अदालत ने पूछा कि हिमाचल से पानी आ रहा है तो ये दिल्ली में कहां जा रहा है।

हिमाचल प्रदेश से दिल्ली के लिए अतिरिक्त पानी छोड़े जाने के मुद्दे पर साफ-साफ जानकारी नहीं दिए जाने पर कोर्ट ने कड़ी चेतावनी देते हुए कहा, 'तैयार रहिए, हम आपके अफसर को सीधे जेल भेजेंगे।' कोर्ट ने संबंधित अफसर को गुरुवार को कोर्ट में पेश होने कहा है। जस्टिस प्रशांत कुमार मिश्रा व जस्टिस प्रसन्ना बी. वराले की वैकेशन बेंच ने दिल्ली सरकार से गुरुवार तक हलफनामा देकर पानी की बर्बादी रोकने के कदमों के बारे में बताने के लिए कहा है।

### बॉम्बे हाईकोर्ट: सम्मानपूर्वक अंतिम संस्कार मृतक का 'मौलिक अधिकार'

**मुंबई @ पत्रिका.** सम्मानजनक अंतिम संस्कार मृतक का हक है, जैसे जीवित इंसानों के मौलिक अधिकार होते हैं। बॉम्बे हाईकोर्ट ने एक जनहित याचिका की सुनवाई में यह अहम टिप्पणी की। याचिका में मुंबई में कब्रिस्तानों की कमी दूर करने की मांग उठाई गई थी। चीफ जस्टिस डीके उपाध्याय व जस्टिस अमित बोरकर ने कहा कि बीएमसी का काम है कि वह मृतकों को दफनाने के लिए कब्रिस्तान की उचित व्यवस्था करे। कोर्ट ने बीएमसी की लेट लतीफी पर नाराजगी जताते हुए पूछा कि क्या लोगों को दफनाने के लिए 'मंगल ग्रह पर जाना चाहिए'।

## सऊदी अरब: रेकॉर्ड संख्या में हज करने पहुंचे तीर्थयात्री, तेज तापमान में एहतियात बरतना जरूरी



**मक्का.** सऊदी अरब के मक्का में वार्षिक हज यात्रा के लिए ग्रैंड मस्जिद के बाहर हज तीर्थयात्री। आधिकारिक रूप से 14 जून से शुरू हो रही हज यात्रा के लिए इस बार 20 लाख से ज्यादा लोग सऊदी पहुंचे हैं। स्थानीय प्रशासन लगातार एहतियात बरतने के लिए एडवाइजरी जारी कर रहा है। हज के दौरान तापमान 44 डिग्री सेल्सियस तक रह सकता है। वहीं, मक्का और मदीना में तापमान सामान्य से 1.5 से 2 डिग्री सेल्सियस अधिक रह सकता है।

### वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम: भारत में माध्यमिक शिक्षा में लैंगिक असमानता खत्म

# पुरुषों की तुलना में 60 फीसदी तक कम है भारत में महिलाओं की आय

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**दावोस.** लैंगिक समानता पर वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम (डब्ल्यूईएफ) की ताजा रिपोर्ट के अनुसार माध्यमिक शिक्षा में नामांकन के मामले में भारत ने सुधार किया है और यहां लैंगिक असमानता का उन्मूलन हो चुका है। वहीं, राजनीतिक सशक्तिकरण के मामले में भारत विश्व स्तर पर 65वें स्थान पर रहा। हालांकि, लैंगिक समानता में भारत की वैश्विक रैंकिंग दो अंक गिरी है। 146 देशों में भारत की रैंकिंग 129 है, जबकि पिछले साल 127 थी।

रिपोर्ट में भारत उन देशों में शामिल है जहां आर्थिक लैंगिक समानता का स्तर सबसे कम है। आर्थिक समता के पैमाने पर भारत को 0.398 अंक दिए गए हैं। यानी भारत में महिलाओं का योगदान पुरुषों के 100 रुपए की तुलना में 39.8 रुपए ही है। भारत में जिस काम के लिए पुरुषों को 100 रुपए दिए जाते हैं, उसके लिए महिलाओं को 52 रुपए दिए जाते हैं। इतना ही नहीं, इस पैमाने पर भारत का स्थान दुनिया के सबसे निचले पांच देशों में हैं। भारत का से नीचे सिर्फ 4 देश हैं। ये देश हैं - पाकिस्तान, ईरान, सूडान और बांग्लादेश।

**लैंगिक समानता: 146 देशों में मुख्य पैमानों पर भारत की वैश्विक रैंक**




**भारत ने इन उपश्रेणियों में किया बेहतर**

ग्लोबल रैंक
- 1 माध्यमिक शिक्षा में पंजीकरण
- 10 पिछले 50 सालों में शासन प्रमुख की भूमिका में महिला और पुरुष

### लैटिन अमरीका में सबसे कम बाधाएं

लैंगिक समानता के मौजूदा हालातों में दक्षिण एशिया में लैंगिक समानता हासिल करने में 149 वर्ष लगेंगे। सबसे अधिक 189 वर्ष पूर्वी एशियाई और प्रशांत क्षेत्र के देशों को लगेंगे। यूरोप को 67, उत्तर अमरीका को 95 वर्ष और लैटिन अमरीका-कैरेबियन देशों को 53 वर्ष लगेंगे। यानी यहां सबसे कम बाधाएं हैं।


### आइसलैंड ऊपर, पाकिस्तान-सूडान सबसे नीचे

**सूची** में शीर्ष 10 देशों में सबसे अधिक यूरोप के 7 देश हैं। आइसलैंड 0.935 के स्कोर के साथ शीर्ष पर कायम है। इसके बाद फिनलैंड (0.875), नॉर्वे (0.875), न्यूजीलैंड (0.835), स्वीडन (0.816), निकारागुआ (0.811), जर्मनी (0.810), नामीबिया (0.805), आयरलैंड (0.802) और स्पेन (0.797) हैं। 0.641 के स्कोर के साथ भारत 129वें स्थान पर है। बांग्लादेश को 99वां, नेपाल को 117वां और श्रीलंका को 122वां स्थान मिला है। पाकिस्तान (0.570) स्कोर के साथ 145वें स्थान पर है, जो सबसे नीचे मौजूद सूडान से एक रैंक ऊपर है।

***भारत में सिर्फ 14% कर्मी खुश, दुनिया में 34% :*** उधर, गैलप के ताजा स्टेट ऑफ द ग्लोबल वर्कप्लेस रिपोर्ट के अनुसार, केवल 14% भारतीय कर्मचारियों को लगता है कि वे जीवन में बेहतर कर रहे हैं, जबकि वैश्विक स्तर पर 34% कर्मचारी जीवन में बेहतर की ओर बढ़ना महसूस करते हैं।

### पत्रिका एक्सप्लेन

## क्या है नायडू का ड्रीम प्रोजेक्ट अमरावती



*तेलुगु देशम पार्टी सुप्रीमो चंद्रबाबू नायडू ने बुधवार को मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने से एक दिन पहले कहा कि आंध्र प्रदेश की राजधानी अमरावती होगी, विशाखापट्टनम नहीं। नायडू के इस बयान के बाद अमरावती एक बार फिर चर्चा में आ गई है। क्या है नायडू का अमरावती ड्रीम प्रोजक्ट और क्यों अभी रह गया था यह सपना अधूरा...*

**नई राजधानी की क्यों पड़ी जरूरत**

**2014** में आंध्र प्रदेश का बंटवारा दो हिस्सों में हो गया। आंध्र प्रदेश पुनर्गठन एक्ट के मुताबिक हैदराबाद अधिकतम 10 साल तक आंध्र प्रदेश व तेलंगाना की संयुक्त राजधानी बना रहेगा। इसके बाद आंध्र प्रदेश को नई राजधानी बसानी पड़ेगी। ऐसे में 2015 में मुख्यमंत्री बनने के साथ ही चंद्रबाबू नायडू ने राज्य की नई राजधानी बनाने का सपना देखा, कमेटी बनाई और अमरावती को राजधानी बनाना तय हुआ।

**क्यों है अभी तक काम अधूरा**

पीएम नरेंद्र मोदी ने 22 अक्टूबर 2015 को अमरावती में नई राजधानी के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया था। काम ने रफ्तार पकड़ी ही थी कि 2019 के विधानसभा चुनाव में वाईएसआर कांग्रेस पार्टी सत्ता में आ गई और एस जगन मोहन रेड्डी सीएम बने। नायडू की इस हार ने अमरावती के भविष्य पर ताला लगा दिया। रेड्डी सरकार ने अमरावती को राजधानी के तौर पर विकसित करने में कोई रुचि नहीं दिखाई। हालांकि, हाईकोर्ट के एक फैसले के बाद आंध्र प्रदेश की राजधानी के रूप में अब अमरावती ही विकल्प है।

**चुनौतियां और लागत**

परियोजना को भूमि अधिग्रहण के मुद्दे, पर्यावरण संबंधी चिंताएं, धन संबंधी बाधाएं और राजनीतिक विवाद जैसी कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा है। मास्टर प्लान के मुताबिक इस परियोजना पर 50 हजार करोड़ रुपए की लागत का अनुमान है। नायडू के पिछले कार्यकाल में इस पर 10 हजार करोड़ रुपए खर्च हुए थे। शुरुआती परियोजना 217 वर्ग किमी की है। इसमें सिविक और एंटरटेनमेंट जैसे छह क्लस्टर हैं। नायडू की योजना कृष्णा नदी के तट के शहर को दुनिया के टॉप 5 शहरों में शामिल करवाने की है।

प्रस्तुति: **अंजली शर्मा**

## राजस्थान: 1600 किलो की गदा, 1100 किलो का रामधनुष अयोध्या के लिए रवाना





**सिरोही (राज.).** सनातन सेवा संस्थान, शिवगंज की ओर से 1100 किलो का राम धनुष व 1600 किलो की हनुमान गदा अयोध्या में प्रभु राम के चरणों में अर्पित की जाएगी। इन्हें बुधवार को रवाना किया गया।

## खालिस्तानी करतूत: जी-7 समिट से पहले बापू की प्रतिमा से तोड़फोड़




**मिलान @ पत्रिका.** इटली में जी-7 समिट से पहले मिलान शहर में कथित तौर पर खालिस्तानी समर्थकों द्वारा महात्मा गांधी की प्रतिमा को क्षतिग्रस्त करने का मामला सामने आया है। इस पर भारत के विदेश मंत्रालय ने प्रतिक्रिया भी दी है। विदेश सचिव विनय मोहन क्वात्रा ने कहा कि हमने इसकी रिपोर्ट देखी है और भारत ने इस मुद्दे को इटली के अधिकारियों के समक्ष उठाया है।

***जी-7 में हिस्सा लेने आज जाएंगे मोदी :*** पीएम नरेंद्र मोदी गुरुवार को इटली की यात्रा पर जाएंगे। यहां वे 13-15 जून तक पुगलिया में जी-7 समिट में शामिल होंगे। मोदी इटली की पीएम जॉर्जिया मेलोनी के न्योते पर शुक्रवार को सम्मेलन के आउटरीच सत्र में हिस्सा लेंगे।

## एलन मस्क पर महिला कर्मियों ने लगाए यौन उत्पीड़न के आरोप

**न्यूयॉर्क @ पत्रिका.** दिग्गज कारोबारी और स्पेसएक्स के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) एलन मस्क फिर विवादों में घिर गए हैं। दरअसल, उन पर अपनी एक इंटर्न सहित दो कर्मचारियो के साथ शारीरिक संबंध बनाने और एक अन्य कर्मचारी को उनके बच्चे पैदा करने के लिए कहने का आरोप लगा है। मीडिया रिपोर्ट में यह खुलासा किया गया है।

रिपोर्ट में दावा किया गया है कि मस्क ने स्पेसएक्स और टेस्ला जैसी कंपनियों में ऐसा माहौल बनाया हुआ था, जिससे महिला कर्मचारी असहज थीं। यह पहली बार नहीं है, जब मस्क पर इस तरह के गंभीर आरोप लगे हों। इससे पहले भी उन पर कई मामलों में आरोप लगे हैं। हाल ही में उन पर लीसर्जिक एसिड डाईएथिलेमाइड (एलएसडी), एक्स्टसी, कोकीन, केटामाइन जैसे ड्रग के इस्तेमाल के भी आरोप लगे थे।

## ट्रेंडिंग न्यूज



### इंडोनेशिया में रूस का न्यूक्लियर प्लांट

**इंडोनेशिया** ने ऊर्जा सहयोग के लिए रूस को न्यूक्लियर प्लांट लगाने के लिए आमंत्रित किया है। इंडोनेशिया के आर्थिक मंत्री एयरलांगा हार्टार्टो ने अपनी रूस यात्रा के दौरान यह जानकारी दी।

### योग दुनिया को भारत का सबसे बड़ा उपहार



**नॉर्वे** की राजदूत मेय एलिन स्टीनर ने पीएम नरेंद्र मोदी के पोस्ट के जवाब में कहा है कि, मैं इससे पूरी तरह सहमत हूं कि योग दुनिया के लिए भारत के सबसे बड़े उपहारों में से है। 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस से पूर्व स्टीनर ने अपनी योग करती तस्वीरों भी पोस्ट की हैं।

### यूक्रेन को एक और पैट्रियट मिसाइल



**अमरीकी** राष्ट्रपति जो बाइडन ने एक और पैट्रियट मिसाइल प्रणाली को यूक्रेन में तैनात करने की मंजूरी दे दी है। नई पैट्रियट मिसाइल पोलैंड से आएगी। इसके पहले जर्मनी और नीदरलैंड ने एक-एक मिसाइल यूक्रेन को दी थी।

# एक-दूसरे को नाम से पुकारते हैं सवाना हाथी

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**वाशिंगटन.** हाथी एक-दूसरे को अलग-अलग नामों से पुकारते हैं, जो वे अपने साथी के लिए बनाते हैं। यह तथ्य अफ्रीकी सवाना हाथियों पर किए गए शोध में सामने आया हैं। शोधकर्ताओं की एक टीम ने केन्या में अफ्रीकी सवाना हाथियों के दो जंगली झुंडों की आवाज का विश्लेषण करने के लिए एआइ एल्गोरिदम का उपयोग किया। पहले जहां डॉल्फिन और तोते को आवाज की नकल करते देखा गया है, वहीं हाथी पहले ऐसे जानवर हैं जो अपने साथियों को नामों से बुलाते हैं।

**हाथी कई तरह की आवाजें निकालते हैं, कुछ को मानव कानों से सुना तक नहीं जा सकता।**



**अलग-अलग स्वरों का करते है उपयोग**

**नेचर** इकोलॉजी एंड इवोल्यूशन जर्नल में प्रकाशित शोध में बताया गया है कि एक हाथी दूसरे हाथी के लिए अलग-अलग स्वरों का उपयोग करता हैं और जब कोई एक हाथी दूसरे हाथी को बुलाता है तो वो उसकी पहचान करके उस पर प्रतिक्रिया भी देता है। शोधकर्ताओं ने मशीन-लर्निंग एल्गोरिदम से 469 आवाजों की पहचान की, जिसमें 101 हाथी आवाज लगा रहे थे और 117 हाथी उन पर प्रतिक्रिया दे रहे थे।

**दोस्त का नाम पुकारने पर ज्यादा उत्साहित**

**हाथियों** की आवाज में हमेशा नामों का इस्तेमाल नहीं किया जाता लेकिन जब नाम पुकारे जाते हैं तो यह अक्सर लंबी दूरी पर बैठे साथी के लिए होते हैं। ऐसा तब भी होता है जब एक कोई वयस्क हाथी अपने बच्चों को पुकार रहा होता है। हाथी अपने दोस्त या परिवार के सदस्य को पुकारते हैं तो बोलने-सुनने वालों की प्रतिक्रिया बहुत पॉजिटिव और ऊर्जावान होती है। अन्य हाथियों के लिए पुकार और प्रतिक्रिया में कम उत्साह होता है।

# पाकिस्तान में जीडीपी घटी, पर बढ़ गए गधे

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**इस्लामाबाद.** वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए पाकिस्तान जीडीपी ग्रोथ 2.3% की दर से बढ़ी, जबकि ग्रोथ का टारगेट 3.5 रखा गया था। पर गधों की आबादी बढ़ने में कोई कमी नहीं रही और ये एक लाख बढ़कर 59 लाख हो गए। बुधवार को बजट से पूर्व जारी आर्थिक सर्वेक्षण में पशुधन आंकड़ों में इसे उपलब्धि के तौर पर पेश करते हुए कहा है कि गधों की संख्या 2021-22 में 57 लाख और 2022-23 में 58 लाख थी, जबकि 2023-24 में इनकी संख्या 59 लाख हो गई है।

**गधों की आबादी में पाकिस्तान तीसरे नंबर पर है, पहले नंबर पर चीन है, जहां 90 लाख गधे हैं।**



**ग्रामीण अर्थव्यवस्था चला रहे गधे**

तंगहाली से जूझ रहे पाकिस्तान के लिए गधे एक बड़ी उम्मीद की तरह हैं। खास तौर पर उनके लिए जो ग्रामीण इलाकों में रहते हैं। पशुपालन पाकिस्तान की ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। 80 लाख से अधिक ग्रामीण परिवार पशुधन उत्पादन में लगे हैं। सर्वेक्षण में घोड़े और खच्चरों की संख्या में पिछले पांच वर्षों में कोई खास बदलाव नहीं देखा गया है और इनकी संख्या चार लाख और दो लाख है।

**पाक में गधे बढ़ने से चीन हुआ खुश**

पाकिस्तान के लिए गधे बढ़ना विदेशी मुद्रा कमाने का एक मौका भी है। पाकिस्तान से चीन हर साल बड़ी संख्या में गधे मंगवाता है। औसतन हर साल 5 लाख गधे चीन को बेचे जाते हैं। इन गधों का इस्तेमाल चीन में मीट, शक्तिवर्धक औषधियों से लेकर पहाड़ी इलाकों में सामान ढोने के लिए किया जाता है। गधों की खाल में जिलेटिन प्रोटीन की ज्यादा मात्रा होती है। चीन में इस जिलेटिन प्रोटीन का शक्तिवर्धक दवाइयों में इस्तेमाल होता है।

''स्वत्वाधिकारी राजस्थान पत्रिका प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक गजराज भण्डारी द्वारा 2/3 आई एन एस बिल्डिंग, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित एवं राजस्थान पत्रिका प्रा. लि. भूखण्ड संख्या 68-69, फेज VII , सैक्टर-35, गुरुग्राम (हरियाणा) एवं मैसर्स विभा पब्लिकेशन प्राईवेट लिमिटेड, डी-160 बी, सैक्टर 7, गौतमबुद्ध नगर (यू.पी.) से मुद्रित। आर.एन.आई. नं. डेलहिन/2005/15156, सम्पादक: भुवनेश जैन। सम्पादकीय प्रभारी: सुरेश व्यास-पी.आर.बी. एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी''